


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात·किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 टेस्ट में खल रही कैप्तान रोहित को ...

चीन अब बंग्लादेश को अपने जाल ... 12



वर्ष : 11 | अंक : 258 | पटना, बुधवार, 31 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में 180 देशों में भारत का 93वां स्थान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर है और इसका समग्र स्कोर काफी हद तक अपरिवर्तित रहा है। सूचकांक में विशेषज्ञों और उद्योग क्षेत्र के लोगों के अनुसार 180 देशों और क्षेत्रों को सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के स्तर पर रखा जाता है। इसमें 0 से 100 तक मानदंड रखा गया है जिसमें 0 अत्यंत भ्रष्ट के लिए और 100 पूरी तरह स्वच्छ छवि के लिए इस्तेमाल किया जाता है। भारत का समग्र स्कोर 2023 में 39 था, वहीं 2022 में यह 40 था। 2022 में भारत का रैंक 85 था। रिपोर्ट में कहा गया, भारत (39) के स्कोर में उतार-चढ़ाव इतना छोटा है कि किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव पर कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। हालांकि, चुनावों से पहले, भारत में नागरिकों के लिए स्थान सिकुड़ता देखा जा रहा है जिसमें एक (दूरसंचार) विधेयक का पारित होना भी शामिल है जो मौलिक अधिकारों के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया में पाकिस्तान (133) और श्रीलंका (115) अपने अपने कर्ज के बोझ तले दबे हैं और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, हालांकि, दोनों




देशों में मजबूत न्यायिक निगरानी है, जो सरकार को नियंत्रण में रखने में मदद कर रही है। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अपने संविधान के अनुच्छेद 19ए के तहत अधिकार का पहले से प्रतिबंधित संस्थानों तक विस्तार करके नागरिकों के सूचना के अधिकार को मजबूत किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश (149) अल्प विकसित देश (एलसीडी) के स्तर से ऊपर उठा है और आर्थिक विकास से वहां गरीबी में लगातार कमी आ रही है और जीवनशैली में सुधार हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन (76) ने पिछले दशक में भ्रष्टाचार के लिए 37 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई से सुर्खियां बटोरीं। इसमें कहा गया है कि इन मामलों के गहन अध्ययन से पता चला है कि सरकारी अधिकारी अपनी आय बढ़ाने के एक तरीके के रूप में अक्सर भ्रष्टाचार का सहारा लेते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र 2024 में एक बड़े चुनावी वर्ष का सामना कर रहा है, जिसमें बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सोलोमन द्वीप, दक्षिण कोरिया और ताइवान में चुनाव होंगे। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में कहा गया है कि एक और वर्ष ऐसा होगा जिसमें भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में कोई सार्थक प्रगति नहीं होगी।

---

अधिकतम तापमान 16°C

न्यूनतम तापमान 10°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 64,775 |
| चांदी | 78,900 |
| सेंसेक्स | 71,139 |
| निफ्टी | 21,522 |

## संक्षिप्त खबरें

### केरल में हत्या के मामले में 15 को मौत की सजा

कोच्चि। केरल की एक अदालत ने 2021 में भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 15 सदस्यों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव की हत्या मामले में 31 आरोपी हैं और 15 आरोपियों पर यह फैसला सुनाया गया। 20 जनवरी को मावेलिक्कारा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीजी श्रीदेवी ने सभी 15 आरोपियों को हत्या का दोषी पाया था। अलाप्पुझा बार एसोसिएशन में प्रैक्टिस करने वाले वकील रेन्जिथ 2021 में अलाप्पुझा विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा के उम्मीदवार थे।

### पूर्व सांसद ब्रह्मानंद मंडल के निधन पर सीएम ने जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर के पूर्व सांसद ब्रहमानंद मंडल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व ब्रह्मानंद मंडल एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। वे समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे, वे तीन बार मुंगेर से सांसद चुने गये थे। स्व0 ब्रह्मानंद मंडल मृदुभाषी एवं मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। अपने क्षेत्र में वे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। पूर्व सांसद ब्रह्मानंद मंडल के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

### पूर्व मंत्री गुणानंद झा के निधन पर सीएम ने जताया दुख

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री गुणानंद झा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व गुणानंद झा एक कुषल राजनेता एवं समाजसेवी थे। राज्य सरकार में मंत्री के रूप में उन्होंने अपनी जिम्मेवारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। स्व गुणानंद झा जी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईष्वर से प्रार्थना की है।

---

पूर्व उपमुख्यमंत्री 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे

# नौकरी के बदले जमीन मामला तेजस्वी से ईडी ने की पूछताछ

- कार्यालय के बाहर समर्थकों का लगा रहा जमावड़ा
- सर्मथकों ने केन्द्र पर लगाया जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल के नेता सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से रेलवे में कथित नौकरी के बदले भूखंड घोटाला मामले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय ने पटना स्थित कार्यालय में करीब 8 घंटे तक पूछताछ की। श्री यादव पूर्वाह्न 11:30 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे।

श्री यादव के ईडी कार्यालय पहुंचने से पहले ही राजद के विधायक और पूर्व मंत्री समेत बड़ी संख्या में समर्थक ईडी कार्यालय पहुंच गए थे। जैसे ही श्री यादव ईडी कार्यालय पहुंचे, समर्थक उनके पक्ष में नारे लगाने लगे। बहुत मुश्किल से श्री यादव ईडी के कार्यालय के अंदर जा पाए। कार्यालय के अंदर उन्हें अकेले जाने की अनुमति मिली। करीब 8 घंटे बाद शाम को पूछताछ का सिलसिला खत्म हुआ। वहीं, गेट पर समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। अंदर जाने के बाद भी नारेबाजी चलती रही। इसी मामले में उनके पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से ईडी के अधिकारियों ने यहां अपने कार्यालय में सोमवार को नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 19 जनवरी को लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव से पूछताछ के लिए नया समन जारी किया था। इस मामले में राजद के दोनों नेताओं से पूछताछ के लिए दिल्ली से ईडी अधिकारियों की एक टीम रविवार को पटना पहुंची थी। राजद ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर देश में विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का मंगलवार को आरोप लगाया। राजद प्रवक्त शक्ति सिंह यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता 2024 के लोकसभा चुनाव से डरते हैं। यह सर्वविदित तथ्य है कि तेजस्वी यादव उस समय नाबालिग थे, जब कथित नौकरी के बदले भूखंड घोटाला मामला प्रकाश में आया था। वे उन पर इसलिए आरोप लगा रहे हैं क्योंकि वह लालू प्रसाद के बेटे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पिछली महागठबंधन सरकार में तेजस्वी यादव द्वारा भारी संख्या में प्रदान की गई नौकरियों से भाजपा नेता डर गए हैं। राजद नेताओं के आरोपों को खारिज करते हुए बिहार के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, जब लालू प्रसाद बिहार के मुख्यमंत्री थे, तब चारा घोटाला हुआ था। जब वह रेल मंत्री थे तो नौकरी के बदले जमीन घोटाला हुआ। फिर वे जांच एजेंसियों से क्यों डरते हैं ईडी निश्चित रूप से मामले की जांच करेगी।

नौकरी के बदले जमीन घोटाला 2004 और 2009 के बीच रेलवे में नौकरियों से संबंधित है। सोमवार को ईडी ने श्री यादव से इस मामले में करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। जिस वक्त ईडी की तेजस्वी से पूछताछ चल रही थी उस वक्त लालू पुत्री रोहिणी आचार्य अपने इंटरनेट मीडिया एक्स से लगातार सरकार पर हमलावर रही। रोहिणी ने अपने एक्स मीडिया पर एक साथ कई पोस्ट डाली। एक पोस्ट पर उन्होंने लिखा तेजस्वी न डरने वाला है। भाजपा को धूल चटाने वाला है। अकेले डटा है शेर दिल नेता का जो बेटा है। हार का डर सता रहा भाजपा को इसलिए ईडी के बल पर डरा रही तेजस्वी को। वे लिखती हैं भाजपा चाहे चल ले कोई चाल, शेर दिल नेता के बेटे के रहते बिहार में इनकी न गलने वली दाल। जो रोजगार लाए हैं हम उनको लाएंगे

---

# किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे : राहुल

कांग्रेस नेता ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रैली को किया संबोधित

प्रात : किरण



पटना/पूर्णिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन जदयू अध्यक्ष के बिना राज्य में समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा, नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने मंगलवार को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं। राहुल गांधी ने कहा, देश को ओबीसी, दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। वहीं, गांधी ने बिहार के पूर्णिया जिले में किसानों के साथ बातचीत के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर किसानों का विश्वास खो देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर इसे वापस हासिल करने की कोशिश करेगी। उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा राज्य में प्रवेश के एक दिन बाद मंगलवार को पूर्णियां पहुंची। राज्य के किसानों और मजदूरों के बीच पीढ़ियों से लोकप्रिय रहे गमछा को अपने सिर पर लपेटे गांधी ने कहा, केन्द्र सरकार किसानों की चिंताओं को दूर करने में विफल रही है। दरअसल, उसने उनका भरोसा खो दिया है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप हमें एक मौका दें और हम आपका विश्वास दोबारा जीतने की कोशिश करेंगे। हमारा पिछला रिकॉर्ड अपने बारे में बोलता है। हम किसान हितैषी भूमि अधिग्रहण बिल लाए। हमने 72,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया और छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों में, जहां कांग्रेस हाल तक सत्ता में थी, हमने सुनिश्चित किया कि किसानों को उनकी उपज के लिए पर्याप्त कीमत मिले। सभा को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने भी संबोधित किया।

### मौकापरस्ती की राजनीति हावी : खरगे

महारैली के दौरान वीडियो संदेश में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज बिहार में मौकापरस्ती और लोभ-लालच की राजनीति हावी हो गई है। जो बिहार दुनिया को प्रकाश देता था, उसकी पहचान अब आयाराम-गयाराम की राजनीतिक प्रयोगशाला बन गई है। कोई रहे या जाए, कांग्रेस अपने उसूलों को छोड़ने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने किसी को धोखा नहीं दिया। किसी को सम्मान देने में कमी नहीं रखी। महागठबंधन की सरकार ने वर्षों से ठप विकास यात्रा को गति देने का प्रयास किया, तो यह मोदी और शाह को चुभ गया। उन्होंने बिहार के सम्मान और स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ किया। खरगे ने आगे कहा कि बिहार के विकास के लिए यूपीए सरकार में दो लाख करोड़ रुपए दिया गया था। इससे छह पॉवर प्रोजेक्ट, नेशनल हाईवे, ग्राम सड़क योजना के तहत कई बड़े काम हुए। लेकिन मोदी सरकार ने बिहार के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया। बिहार को जो मदद मिलती थी, वह बंद हो गई। चुनाव से पहले एक लाख 15 हजार करोड़ रुपये देने की घोषणा मोदी जी ने पटना के गांधी मैदान में की थी, पर वो पैसा कहां गया, कोई नहीं जानता। बिहार ने 40 में से 39 सांसद भाजपा गठबंधन को दिए, लेकिन मोदी जी ने बिहार की जनता को इसके बदले में कुछ नहीं दिया, बिहार को पीछे ही धकेला।

---

# प्रधानमंत्री मोदी का बिहार दौरा टला

प्रात : किरण



पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार दौरा एक बार फिर से टल गया है। प्रधानमंत्री मोदी चार फरवरी को बिहार आने वाले थे। प्रधानमंत्री को बेतिया में कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करना था। इसके साथ बेतिया लोकसभा क्षेत्र में उनकी जनसभा थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से प्रधानमंत्री का दौरा आगे बढ़ा दिया गया है। कार्यक्रम के संबंध में पश्चिम चंपारण के भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बेतिया के सुगौली में 6500 करोड़ रुपये के इंडियन ऑयल की परियोजना का शुभारंभ करने का कार्यक्रम था। परियोजना के शुभारंभ के बाद वह बेतिया के रमना मैदान में जनसभा को भी संबोधित करते। इसके लिए बिहार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय कार्यकर्ता तक तैयारी में जुट गए हैं लेकिन अब उनका चार फरवरी का कार्यक्रम टल गया है। उल्लेखनीय है कि बिहार आने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा जनवरी महीने में ही तीसरी बार टला है। सबसे पहले प्रधानमंत्री 13 जनवरी को बिहार के बेतिया आने वाले थे। फिर यह कार्यक्रम अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद 27 जनवरी को निर्धारित किया गया। इसके बाद चार फरवरी को नई तिथि घोषित की गई लेकिन अब ये तारीख भी टल गयी।

---

# नक्सलियों के साथ गोलीबारी में तीन जवान शहीद

प्रात : किरण



बीजापुर/एजेंसी। बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास नक्सलियों के साथ गोलीबारी में तीन जवान बलिदान हो गए। वहीं, 15 जवान घायल हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने टेकुलगुडम कैंप पर मंगलवार सुबह अचानक से हमला कर दिया। इस घटना में कुल 18 जवान घायल हुए, जिसमें से तीन जवान बलिदान हो गए। घायल जवानों को चोपर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है। कोबरा बटालियन और डीआरजी के जवानों के साथ अब भी मुठभेड़ जारी है। घायल जवानों ने बताया कि सुकमा पुलिस ने टेकुलगुडम में सुरक्षाबल के जवानों आज ही नया कैंप खोला है। कैंप के पास जोनागुडा-अलीगुडा की ओर एसटीएफ और डीआरजी के जवान गस्त सर्चिंग पर निकले थे। इस दौरान माओवादी ने फायरिंग कर दी। जवानों ने भी माओवादी फायरिंग का मूंहतोड़ जवाब देते हुये जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षा बल के बढ़ते दबाव को देखकर माओवादी जंगल की आड़ लेकर भाग गये। दरअसल मंगलवार को ही टेकलगुड़ेम में पुलिस ने नया कैंप स्थापित किया है। इस कैम्प की सुरक्षा में लगे जवान कैंप की स्थापना के बाद जूनागुड़ा-अलीगुड़ा इलाके में गश्त पर निकले हुए थे, इसी दौरान पहले से ही घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग की और 100 से ज्यादा बीजीएल भी दागे, जवानों ने भी तुरंत मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्यवाही की। बताया जा रहा है कि दोनों ओर से करीब तीन से चार घंटे तक फायरिंग चली, इस दौरान नक्सलियों ने 100 से अधिक बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) जवानों पर दागे, जिससे कई जवान घायल हुए और 3 जवानों को गोली लगने से शहीद हो गए। कुछ घायल जवानों की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल जवानों को बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर किया जा रहा है।

---

# ईडी ने सोरेन के आवास से 36 लाख रुपए नकद व बीएमडब्ल्यू जब्त की

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास की तलाशी के बाद 36 लाख रुपये, एक बीएमडब्ल्यू एसयूवी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम झारखंड में कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले की जांच के संबंध में पूछताछ करने के लिए सोमवार को सोरेन के दक्षिण दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन आवास पहुंची थी और वह वहां 13 घंटे से अधिक समय तक रही। इस दौरान उन्होंने परिसर की तलाशी ली। सूत्रों ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के दलों ने दिन भर की कार्रवाई के दौरान लगभग 36 लाख रुपये नकद, हरियाणा के नंबर प्लेट वाली एक बेनामी बीएमडब्ल्यू कार और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। मंगलवार को रांची पहुंचे सोरेन (48) ने निदेशालय को सूचित किया था कि वह बुधवार को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। रांची में, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के एक पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी विधायकों को राज्य की राजधानी से बाहर नहीं जाने और राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को एक बैठक में भाग लेने को कहा गया है।

---

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि

- स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं की स्मृति में अर्पित की गई मौन श्रद्धांजलि

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं की स्मृति में मौन श्रद्धांजलि अर्पित किये जाने का मुख्य कार्यक्रम पटना के गांधी घाट पर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर महात्मा गांधी एवं हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सशस्त्र पुलिस द्वारा सलामी दी गई तथा दो मिनट की शोक सलामी भी दी गयी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं की स्मृति में मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री प्रेम कुमार, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री सुमित कुमार सिंह, सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, पूर्व मंत्री अशोक चौधरी, पूर्व मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, आयुक्त, पटना प्रमंडल कुमार रवि, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अषोक, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविन्द कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया और मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

सुरक्षा | नौसेना ने 36 घंटे में दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया

# नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज को बचाया

## बचाए गए चालक दल के 36 सदस्यों में 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। ईरानी जहाज एफवी इमान को छुड़ाने के बाद भारत के नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज अल नईमी को समुद्री डाकुओं के चंगुल से मुक्त कराया है। इन दोनों ऑपरेशन में व्यापारिक जहाजों को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 36 सदस्यों को सुरक्षित बचाया है, जिसमें 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक हैं। अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने अपना युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को भेजा। युद्धपोत ने अपहत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया। भारत ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा इलाके से बाहर निकल गया। भारतीय युद्धपोत यह ऑपरेशन पूरा करने के बाद सोमालिया के पूर्वी तट पर ही था, तभी उसे 29 जनवरी को एक और समुद्री लुटेरों की हरकत का पता चला। कोच्चि से लगभग 850 नॉटिकल मील पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में मिशन तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को मछली पकड़ने वाले पाकिस्तानी जहाज अल नईमी और उसके चालक दल के 19 पाकिस्तानी नागरिकों को बंधक बनाए जाने की सूचना मिली। इस पर उसे पाकिस्तानी जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की कार्रवाई में लगाया गया। युद्धपोत सुमित्रा ने 29 जनवरी को अपने हेलीकॉप्टर की मदद से अपहत जहाज को घेरकर पाकिस्तानी चालक दल और जहाज की सुरक्षित रिहाई के लिए 11 समुद्री लुटेरों को भागने के लिए मजबूर कर दिया।

# शहादत दिवस पर याद किये गये राष्ट्रपिता, राजनीतिक दलों ने दी श्रद्धांजलि

## राजद कार्यालय में राष्ट्रपिता को दी गई श्रद्धांजलि

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का 76 वां शहादत दिवस डॉ तनवीर हसन साहब की अध्यक्षता में मनाई गयी। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर डॉ तनवीर हसन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और शांति के पुजारी थे। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए अपने प्राण तक की आहूति दे दी। आजादी की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया तथा देश को अंग्रेजों के चंगुल से छुटकारा दिलाया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। छुआ-छूत और ऊँच-नीच के विभेद को मिटाने एवं समरस समाज की स्थापना में उनके प्रयास को देश हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी, राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव, श्याम रजक, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल, अशोक कुमार सिंह, पूर्व सांसद विजय कृष्ण, पूर्व विधायक गौतम सागर राणा, मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, मो फैयाज आलम कमाल, संजय यादव, भाई अरूण कुमार, प्रमोद कुमार राम, अशोक कुमार गुप्ता, विजय कुमार यादव, चन्देश्वर प्रसाद सिंह, कलावती देवी, श्रीमती नीलम देवी, सरदार रंजीत सिंह, अशोक कुमार यादव, मनोज यादव, अमित पटेल, हीरा साव, संध्या राय, सतीश कुमार, डॉ लालदेव प्रसाद यादव, दिनेश पासवान, राकेश रंजन, राज कुमार, सैफ आलम सहित सैंकड़ों की संख्या में गणमान्य नेताओं ने माल्यार्पण किया।

## रालोजपा ने पूण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया



पटना। रालोजपा के केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, सांसद प्रिंस राज पासवान, एसएसीएसटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण राज पासवान की उपस्थिति में मनाई गयी। पशुपति कुमार पारस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा-सुमन अर्पित कर देश की आजादी एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके त्याग और बलिदान को याद करते हुए कहा कि गांधी जी के शांति और सद्भाव के संदेश आज भी प्रासंगिक हैं और उनके विचार देशवासियों को राष्ट्र के लिए त्याग व समर्पण की प्रेरणा देते रहेगें। महात्मा गांधी ने अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी। अहिंसा के प्रतीक महात्मा गाँधी को दुनिया के कई नेता अपना प्रेरणास्त्रोत मानते हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सांसद प्रिंस राज ने कहा कि सत्य, अहिंसा, त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्मृति दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि नमन, बापू के विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेगें। पुण्यतिथि कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार, किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष बिहारी, राष्ट्रीय महासचिव रामजी सिंह, अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता संजय श्रराफ, राष्ट्रीय महासचिव एल्विस जोसेफ, राष्ट्रीय सचिव जिया लाल, राष्ट्रीय सचिव रूचिदा शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव एवं प्रदेश पदाधिकारी ने महात्मा गॉधी के तैल्य चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

## सदाकत आश्रम में पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन



पटना। बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजनों ने उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गांधी एक विचार हैं और विचार कभी मरते नहीं है। गांधीवाद से अहिंसा और सत्याग्रह का सबक लेकर भारत ने विकास की राह पकड़ी। महात्मा गांधी ने देश को एकजुट किया और सभी धर्म सम्प्रदाय को एकजुट किया। गांधीवादी विचार देश की पहचान है। गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक है और आने वाले दशकों तक रहेंगे। महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करने वाले में हरखू झा, लालबाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन,डॉ विनोद शर्मा,सुमन कुमार मल्लिक, चितरंजन कुमार , एस.झा आदि कांग्रेसजन मौजूद रहें।

## भाकपा ने गांधी के बलिदान दिवस को धर्मान्धता विरोधी दिवस के रूप में मनाया

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत बिहार के सभी जिला मुख्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वलिदान दिवस को साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण और धर्मान्धता विरोधी दिवस के रूप में मनाया। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकताओं ने भाग लिया। इस मौके पर भाकपा नेताओं और कार्यकताओं ने केंद्र की सत्ता से भाजपा सरकार को हटाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम पटना, गया, जहानाबाद, बेगूसराय, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सारण, मधेपुरा, सुपौल, सहरसा, दरभंगा, समस्तीपुर, भागलपुर और वांका सहित सभी जिलों में आयोजित किये गए। पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार फासीवादी रास्ते पर आगे बढ़ रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया, संवैधानिक ढांचे, आर्थिक आत्मनिर्भरता, धर्मनिरपेक्षता, स्वतंत्र गुटनिरपेक्ष नीति को क्षत-विक्षत करने में लगी हुई है। संवैधानिक संस्थाओं पर हमले कर रही है। मोदी सरकार की इन जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भाकपा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वलिदान दिवस 30 जनवरी को साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण एवं धर्मान्धता विरोधी दिवस के रूप में मनाया तथा धर्मनिरपेक्षता की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता, सांप्रदायिक एवं जातीय सौहार्द के साथ-साथ स्वतंत्र आत्मनिर्भर विकास, सामाजिक न्याय व समावेशी विकास पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं इसलिए भाकपा ने मोदी सरकार के खिलाफ बिगुल फूंकते हुए 26 जनवरी को संविधान बचाओ दिवस के रूप में और 30 जनवरी को राष्ट्रपिता गांधी के बलिदान दिवस को साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण एवं धर्मान्धता विरोधी दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया था।

## कर्पूरी-नीतीश ने हर वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि राजद के नेता आरक्षण पर सिर्फ हल्ला मचाते हैं जबकि सच्चाई यह है कि इनके 15 वर्षों में राज में न तो जातियों की किसी प्रकार की गणना हुई , न ही इन्होंने पहले से चले आ रहे आरक्षण में कोई बढ़ोतरी की और न ही किसी न ही किसी खास को वर्ग को अपनी तरफ से आरक्षण दिया। यहां तक कि इनके राज में जमीन के बदले सरकारी नौकरियां देने के चलन की वजह से आम लोगों को पहले से चले आ रहे आरक्षण का लाभ भी ढंग से नहीं मिला। हकीकत में इनके लिए आरक्षण हमेशा से केवल जनता को बहकाने और उनके वोटों की खेती करने का औजार भर रहा है। उन्होंने कहा कि आरक्षण पर लंबी लंबी हांकने वाले राजद के नेताओं यह जान लेना चाहिए बिहार में सिर्फ कपूर्री ठाकुर और नीतीश कुमार ही ऐसे राजनेता हुए हैं जिन्होंने समाज के हर वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया।

तथ्य देते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बिहार में कर्पूरी ठाकुर जी पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने सर्वाधिक जनसंख्या वाले पिछड़े/अतिपिछड़े समाज और महिलाओं और गरीब सवर्णों को सशक्त करने के लिए उन्हें 26 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार दिया। वहीं, नीतीश कुमार ने इसे बढ़ाकर आज 75 प्रतिशत तक पहुंचा दिया। कर्पूरी ठाकुर के राज में पिछड़े व अतिपिछड़े समाज को क्रमशः 8 प्रतिशत व 12 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। उनके बाद वहीं नीतीश कुमार ही ऐसे सीएम हुए जिन्होंने इस समाज के तेज विकास के लिए इसे बढ़ाकर 18 व 25 प्रतिशत कर दिया। नीतीश कुमार ने ही दलितों को मिलने वाले आरक्षण में भी बढ़ोतरी करते हुए इसे 20 प्रतिशत कर दिया। इसी सरकार में महिलाओं को शिक्षा विभाग में 50 प्रतिशत, अन्य सरकारी नौकरियों तथा पोस्टिंग में 35 प्रतिशत के आरक्षण का अधिकार दिया गया।

## पूर्व मंत्री गुणानंद झा के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री गुणानंद झा के निधन पर बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। बिहार कांग्रेस के विधान परिषद में दल के नेता व पूर्व अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा ने उनके निधन पर शोक संदेश में कहा कि स्व गुणानंद झा एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। राज्य सरकार में मंत्री के रूप में उन्होंने अपनी जिम्मेवारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के साथ मुझे व्यक्तिगत व अपूरणीय क्षति हुई है। पूर्व मंत्री गुणानंद झा के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में विधान पार्षद प्रेमचंद मिश्र, पूर्व विधायक हरखू झा, भावना झा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा आदि प्रमुख रहें।

## लोस चुनाव की तैयारी में लोजपा रामबिलास

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोजपा रामविलास लोकसभा चुनाव के तैयारी को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया है,ताकि बिहार के 40 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित हो सके। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के निदेशार्नुसार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने पार्टी के सभी जिलाध्यक्षों,जिला प्रभारियों को प्रत्येक जिलों में बूथ स्तरीय कार्यकताओं की बैठक कराकर लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करने और एक सप्ताह में पूरा रिपोर्ट राज्य कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया है। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये जा रहें जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गांव और गरीबों के बीच प्रचारित-प्रसारित करने का काम एक माह से निरंतर कर रही है। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट को जन-जन में प्रचारित कर रही है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए, पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने बताया कि पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में कोई कोर-कसर नही छोड़ना चाहती है। बिहार के राजनैतिक घटना क्रम पर पार्टी की पैनी दृष्टि है।

## कांग्रेस कभी भी पिछड़ों की हितैषी नहीं रही : भीम

पटना। बिहार भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री डॉ. भीम सिंह ने आज एक बयान जारी कर कांग्रेस पार्टी पर पिछड़ा विरोधी होने का आरोप लगाते हुए पार्टी द्वारा पिछड़ों के प्रति किए गए अन्याय के लिए राहुल गाँधी द्वारा क्षमा मांगने की माँग की है। डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इसके नेता सदैव पिछड़ा विरोधी रहे हैं। डॉ सिंह ने कहा कि बिहार में पिछड़ों- अत्यंत पिछड़ों की राजनैतिक ताकत से राहुल गांधी भलीभाँति परिचित हैं लिहाजा अपनी यात्रा के बिहार में पहुँचते ही वे ओबीसी राग अलापने लगे हैं। ऐसा कर वे पिछड़ों का वोट लेना चाहते हैं । डॉ सिंह ने कहा कि राहुल गाँधी आज जातीय जनगणना की माँग कर रहे है पर उन्हें यह बताना चाहिए कि अंग्रेजी राज में तो जातीय जनगणना होती थी फिर 1951 से जातीय जनगणना पर रोक किसने लगाई थी। डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस कभी भी पिछड़ों की हितैषी नहीं रही है बल्कि पिछड़ों के लिए कुछ करने का जब-जब मौका आया कांग्रेसी सरकारों ने विपरीत निर्णय लिया। दरअसल राहुल गाँधी को उन पिछड़ा विरोधी निर्णयों के लिए क्षमा माँगनी चाहिए। डॉ सिंह ने कहा कि स्पष्टतः आज राहुल गाँधी द्वारा ओबीसी मुद्दों को उछाला जाना भी घड़ियाली आँसू बहाने के समान है। वे नकली आँसू बहाकर ओबीसी की सहानुभूति बटोरना चाहते हैं। पर ऐसा कदापि नहीं होगा क्योंकि पिछड़ों, और खासकर अत्यन्त पिछड़ों का पूरा समर्थन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी कितना भी प्रयास कर लें उनकी काठ की हांडी दूसरी बार चढ़ने वाली नहीं है। नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है।

## राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है इडी की कार्रवाई : भाकपा माले

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाकपा - माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि एक षड्यंत्र के तहत बिहार की सत्ता हड़प लेने के बाद भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर इडी राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को पूछताछ के नाम पर परेशान कर रही है। लालू प्रसाद जी अस्वस्थ हैं, फिर भी उनको घन्टो बैठाकर रखा गया। भारतीय जनता पार्टी में एक से एक बड़े घोटालेबाज भरे पड़े हैं। हर कोई जानता है कि अडानी के घोटाले को संरक्षण देने का लगातार काम मोदी सरकार कर रही है, लेकिन इडी की कार्रवाई केवल विपक्ष के नेताओं पर पड़ता है। इसका सीधा मतलब है कि इडी की स्वतंत्रता खतम हो चुकी है और वह भाजपा के राजनीतिक इशारे पर काम कर रही है। भाकपा - माले राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित इस तरह की कार्रवाईयों की निंदा करती है। बिहार की जनता भारतीय जनता पार्टी और जदयू के कार्यों को देख व समझ रही है। इन ताकतों के खिलाफ मुकम्मल लड़ाई लड़ी जाएगी और इन्हें देश व राज्य की सत्ता से बेदखल करने का काम किया जाएगा।

## लालू प्रसाद को प्रताड़ित करने की कार्रवाई निंदनीय: भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने राजद अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से ईडी के अधिकारियों द्वारा की गई पूछताछ को कड़े शब्दों में निंदा की है। पूछताछ के बहाने लालू प्रसाद को साढ़े नौ घंटे तक प्रताड़ित किया गया। लालू प्रसाद का किडनी का ट्रांसप्लांट हुआ है। लालू प्रसाद यादव को परेशान किया जाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवालियेपन की मानसिकता को दशार्ता है। केंद्र सरकार लालू प्रसाद के साथ बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। बिहार में भाजपा गठबंधन की सरकार बनने के दूसरे दिन ही बीमार व्यक्ति से पूछताछ की गई। केंद्र की भाजपा सरकार लालू प्रसाद व उनके परिवार को जान बूझ कर तंग कर रही है क्योंकि लालू प्रसाद ने कभी भी साम्प्रदायिकता के आगे घुटना नहीं टेका और भाजपा का जमकर मुकाबला किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी लालू प्रसाद भाजपा के लिए चुनौती है यही कारण है कि लालू प्रसाद को प्रधानमंत्री केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से परेशान कर रहे हैं। केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसियों सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स आदि का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को साधने का कार्य कर रही है। बिहार में भी सत्ता का परिवर्तन इन्हीं केंद्रीय एजेंसियों का भय दिखा कर हुआ है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार की तानाशाही को देख रही है। लोकसभा चुनाव में केंद्र की भाजपा सरकार को सत्ता से हटाकर जनता इसका करारा जवाब देगी।

## संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर लड़ना होगा : दीपंकर

पटना। आज महात्मा गांधी का शहादत दिवस है। आजादी के महज 6 महीने बाद जिस विचारधारा के लोगों ने उनकी हत्या कर दी थी, वही ताकतें आज देश में राज कर रही हैं। ऐसे में, देश को बचाने के लिए हम सबको एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। राहुल गांधी जी ने नफरत के खिलाफ मोहब्बत का संदेश लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की और इस बार की यात्रा मणिपुर से शुरू की है, जहां पिछले कई महीनो से भाजपा के शासन में राज्य संरक्षित हिंसा हो रही है। उक्त बातें भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्या ने मंगलवार को पूर्णियां में कांग्रेस की ओर से आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एक ऐसे दौर में हम यहां आए हैं जब देश के संविधान पर हर रोज हमला हो रहा है। संविधान एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और समाजवादी भारत के निर्माण की बात करता है , लेकिन आज उसके हर एक पहलू की हत्या की जा रही है। 22 जनवरी को पूरे देश ने धर्म व राजनीति का घालमेल देखा। संसद भवन का उद्घाटन एक राजनीतिक कार्यक्रम था, उसे धार्मिक बना दिया गया और मंदिर का उद्घाटन एक धार्मिक कार्यक्रम था उसे राजनीतिक बना दिया गया। इस स्थिति में संविधान को हमें अपने पैरों पर फिर से खड़ा करना होगा और सामाजिक न्याय व लोकतंत्र के लिए एकजुट होकर लड़ना होगा। कहा कि आज का दौर बिल्कुल आजादी की लड़ाई के समय का दौर है। हमें देश और संविधान को बर्बाद करने की भाजपाई साजिश को चकनाचूर करना है। बिहार में महागठबंधन पहले से था और है। इंडिया गठबंधन मजबूती से आगे बढ़ रहा है। आज की सभा में हम 24 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पर पूरी तरह नकेल कसने का संकल्प लेते हैं।

## एनसीपी कार्यालय में बापू कि पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

पटना। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष राणा रणवीर सिंह ने किया। श्री राणा ने कहा कि महात्मा गांधी की हत्या करने वाले को तो सजा मिल गई लेकिन बापू की हत्या की साजिश रचने वाले संगठन के लोग आज महात्मा गांधी की मूर्ति पर फूल माला चढ़ाने की नौटंकी कर रहे हैं जिसकी जितनी भी निंदा की जाय वो कम है। श्री राणा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में आज इतिहास को तोड़ मरोड़ कर बच्चों को बतलाई जा रही है। कहा कि भाजपा एवं आर एस एस के द्वारा सोसल मीडिया के माध्यम से झूठ परोसा जा रहा है। उन्होनें आगे कहा कि आजादी के तुरन्त बाद बापू की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। श्री राणा ने बापू को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बापू हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल जिन्दा है। इस अवसर पर इन्द्रदेव दास,रंजीत यादव,रामध्यान कुशवाहा,मुनीन्द्र यादव,मोहम्मद शमीम,राकेश कुमार,रमाकांत मंडल,सिकंदर पासवान,अफरोज अहमद,रवि कुमार,अंकित चौधरी,विक्की साह,रंजन जायसवाल,उमेश मंडल,राजीव पासवान आदि ने पुष्प अर्पित कर बापू को श्रद्धांजलि दी।

## युग-प्रवर्त्तक साहित्यकार थे महाकवि जयशंकर प्रसाद

### जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुई कवि-गोष्ठी




● युग-बोध के कवि थे द्विज और मुक्त, विरले लोग बलभद्र कल्याण होते हैं

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महाकवि जयशंकर प्रसाद एक युग-प्रवर्त्तक साहित्यकार थे, जिन्होंने एक साथ, कविता, कहानी, उपन्यास और नाटक लेखन के क्षेत्र में हिन्दी साहित्य को गौरवान्वित करने वाली, विश्व-विश्रुत महाकाव्य कामायनी समेत अनेक अनमोल कृतियाँ दी। उन्हें महाप्राण निराला, सुमित्रा नंदन पंत और महादेवी वर्मा के साथ हिन्दी काव्य में छायावाद-काल का प्रमुख स्तम्भ माना जाता है। साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रहे पं जनार्दन प्रसाद झा द्विज और पं प्रफुल्ल चंद्र ओझा मुक्त काव्य-साहित्य को ऊर्जा देनेवाले युगबोध के कवि थे। साहित्य-सारथी की लोक-उपाधि से विभूषित कवि बलभद्र कल्याण जैसे लोग विरले होते हैं। यह बातें, मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित, जयंती समारोह एवं कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि द्विज जी का व्यक्तित्व किसी महात्मा के समान था। उनकी विद्वता, सरलता और विनम्रता, उनके व्यक्तित्व में लक्षित होती थी। उसी प्रकार मुक्त जी का स्थान बिहार के गौरव-पुरुषों में है। मृदुभावों के कवि श्री मुक्त अपने उपनाम की भाँति मुक्त भाव से लिखे। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने कहा कि हिन्दी काव्य के ये चारों नक्षत्र साहित्य के आकाश पर आज तक चमक रहे हैं। मुक्त जी के पुत्र यशोवर्द्धन झा ने कहा कि मुक्त जी बड़े अच्छे कवि तो थे ही बड़े अच्छे वक्ता भी थे। कल्याण जी के जमाता आशीष सिन्हा, पुत्री सुजाता वर्मा, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी डा बच्चा ठाकुर, डा अशोक प्रियदर्शी, कुमार अनुपम, ई अवध किशोर सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, जय प्रकाश पुजारी, डा सुधा सिन्हा, डा विद्या चौधरी, सदानन्द प्रसाद, ऋचा वर्मा, डा सतीश कुमार, डा रमाकान्त पाण्डेय, डा प्रतिभा रानी, चितरंजन भारती,डा मीना कुमारी परिहार, वंदना सहाय, डा सुषमा कुमारी, ई अशोक कुमार,रीता कुमारी, सिद्धेश्वर, डा पंकज कुमार सिंह, अरविन्द अकेला, नरेंद्र कुमार, राज प्रिया रानी आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी काव्य-रचनाओं से स्मृति-तर्पण किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानंद पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्णरंजन सिंह ने किया। समारोह में डा रणजीत कुमार, पुरुषोत्तम मिश्र, नीरव समदर्शी, डा चंद्रशेखर आजाद, सुमन कुमार वर्मा, प्रो अनिल कुमार, शेखर नलिन, अल्पना कुमारी, भरत कुमार, अमन वर्मा नन्दन कुमार मीत आदि बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## राहुल गांधी ने सिर पर गमछा बांधकर किसानों से की बात

### कांग्रेस नेता ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में पूर्णियां में लगाई चौपाल



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में बिहार में हैं। मंगलवार को उन्होंने किसानों की समस्याओं पर उनसे बात की। इस दौरान राहुल गांधी सिर पर गमछा बांधे नजर आए। वे सड़क किनारे एक ढाबे पर रुके और कुछ लोगों के साथ चाय की चुस्की भी ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्णिया के सिकंदरपुर पंचायत स्थित शीशाबाड़ी में किसानों के साथ चौपाल की। इस मौके पर किसानों ने अपनी समस्या रखी। राहुल गांधी ने किसानों के भूमि अधिग्रहण मामले पर कहा कि वे लोकसभा में इस मुद्दे को उठाएंगे और जब उनकी सरकार बनेगी तो किसानों के हित में काम किए जाएंगे। किसानों से संवाद के दौरान राहुल गांधी ने साफ किया कि वे यहां खोखली बातें नहीं कर रहे हैं। हमने किसानों का 72,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया था। हम भूमि अधिग्रहण बिल लेकर आए थे। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हमारी सरकार थी तो हमने उपज की सही कीमत दी थी। उन्होंने कहा ६ूहैं। आने वाले समय में भी हम किसानों के हित में काम करेंगे। इस मौके पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। वहीं, राहुल गांधी ने गांधी जी की पुण्यतिथि पर किसानों के साथ मौन भी रखा। राहुल गांधी के सामने अपनी बात रखने वाले किसानों ने कहा कि वे ऋण के बोझ तले डूबे हैं, लेकिन, सरकार उनकी सुध नहीं लेती। इस क्रम में कस्बा और पूर्णिया के बीच एनएच के किनारे एक ढाबे में रुके और चाय की चुस्की भी ली।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या–101 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 20.02..2024 को 12:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 21.02..2024 को 03:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 21.02..2024 को 03:30 बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Chief Secretary Monitoring Cell, Guest Room and OSD Chamber of Chief Secretary Office at Old Sectt., Patna for the year 2023-24. | 13.92 | 27,900=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 2 | Renovation of Hall and Computer Room of Chief Secretary Cell at Old Sectt., Patna for the year 2023-24. | 14.01 | 28,100=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 3 | Renovation of Bathroom, Kitchen and Sanitary Installation of Chief Secretary Cell at Old Sectt., Patna for the year 2023-24. | 14.15 | 28,300=00 | 2,500=00 | 01 माह |

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No. 016238 (BCD) 2023-24

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय

उद्यान प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 6 वर्ष– 2023–24

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्म/कंपनी से दिनांक 07.02.2024 के अपराहन 12:00 बजे तक निदेशानुसार आपूर्ति कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा और उसी दिन 1:30 बजे अपराहन में कोटेशनदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
उद्यान प्रमण्डल, भ0नि0वि0, पटना

PR. No. 016105 (BCD) 2023-24

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 100 वर्ष –2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 07.02..2024 को 12:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02..2024 को 03:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02..2024 को 03:30 बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क)अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख)प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं(ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E/R to New Drain, PCC and Other Work of Vidhan Mandal , Patna for the year 2023-24. | 14.49 | 29,000=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 2 | E/R to Grill of Drain Work of Vidhan Mandal , Patna for the year 2023-24. | 3.37 | 6,800=00 | 750=00 | 01 माह |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR- 016069 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त खबरें

### हत्याकांड के आरोपी के घर चिपकाए इश्तेहार

कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र अंतर्गत ओपी क्षेत्र के सुघराइन गांव में तिलकेश्वर ओपी अध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में नगद मुखिया हत्याकांड के फरार आरोपी विवेक मुखिया के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। मालूम हो कि मार्च 2022 में जमीन विवाद में हुई मारपीट में 42 वर्षीय नगद मुखिया की पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी। मृतक नगद मुखिया की पत्नी अहिल्या देवी, के आवेदन पर गांव के ही सुरेश मुखिया, सूरज मुखिया ,शिवजी मुखिया, विवेक मुखिया, अजय मुखिया, ब्रजेश मुखिया सहित सात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

### लंबित वेतन भत्ता का भुगतान करने की मांग

कुशेश्वरस्थान दरभंगा। कुशेश्वरस्थन पूर्वी प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष व केवटगामा के सरपंच बबन दास ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन देकर ग्राम कचहरी के प्रतिनिधि का लंबित वेतन भत्ता का भुगतान करने की मांग किया है। दिए गए आवेदन पत्र में श्री दास ने उल्लेख किया है कि ग्राम कचहरी के सरपंच, उपसरपंच, पंच तथा ग्राम कचहरी के मकान किराया विगत वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक कुल 32 महीने लंबित है। जिसका भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने लिखा है कि इससे पूर्व भी जिला पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन दिया गया। लेकिन उस पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। अगर लंबित वेतन भत्ता एवं भवन का किराया का अविलंब भुगतान नहीं किया गया तो सरपंच संघ इसके लिए आंदोलन किया जाएगा।

### भाकपा माले ने मनाया गांधी जी का शहादत दिवस

बोचहा।भाकपा माले ने गांधी जी का शहादत दिवस मनाया 24 जनवरी कपूर्री जयंती से 30 जनवरी ,गांधी जी के शहादत दिवस तक का जन अभियान पार्टी के नेतृत्व मे चलाया गया है ।जिसमें लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए पद यात्रा निकाला गया, तिरंगा यात्रा निकाला गया, तथा गोष्ठीयां की गई है। इस अवसर पर दर्जनों गांवों में हजारों लोगों के बीच पर्चा वितरण, चौक चौराहों पर नुक्कड़ सभा की गई। आज शहादत दिवस पर गांधी जी के तस्वीर पर फूल माला चढाया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता माले नेता रामनंदन पासवान ने किया ।जिसमें माले प्रखंड सचिव रामबालक सहनी ने संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी के नेतृत्व में हमें आजादी मिली ।लेकिन उन्हें नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर हत्या कर दिया ।आज इस नाथूराम के विचारों के चेले हमारे देश पर राज कर रहा है ।और फिर से लोगों को और देश को कंपनी राज के हवाले करके हमें गुलाम बना रहा है ।देश का संविधान व लोकतंत्र को खत्म कर फासीवाद राज लाने पर आमादा है ।हम सभी को संकल्प लेना है कि गांधी व कपूर्री के विचारों को रौदने वालों को देश की सत्ता से हटाना है ।यही गांधी जी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।कार्यक्रम में विचार रखने वाले शत्रुघ्न सिंह, हरिहर सहनी, राजेश राम ,राजकिशोर राम, मोहम्मद मोहमुद्दीन व अन्य लोग थे।

### पतैलिया से 173 कार्टन शराब बरामद

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पतैलिया के शुभम कुमार उर्फ मन्नू के घर से उत्तर पश्चिम करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित खंडहरनुमा घर से 173 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद किया है। यह जानकारी थाना अध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने देते हुए बताया कि संबंधित व्यक्ति पर प्राथमिक दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### फुस के बने दो घर में लगी आग

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जनार्दनपुर गांव में मुखिया कविता देवी के फुस के बने दो घर में सोमवार की रात अचानक आग लग गई। इस अगलगी की घटना में घर में रखें पुआल सहित हजारों रुपए का सामान जलने से नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। वहीं सोमवार की रात लोग अपने घर में सोए हुए थे। अचानक आग की लपटे को दिख लोगों की नींद टूटी तो देखा कि घर में आग लगी हुई है। इसके बाद लोगों ने आग लगने की सुचना कल्याणपुर थाना को दिया। कल्याणपुर थाना से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता मिली। लोगों ने बताया कि अगलगी की घटना में हजारों रुपए के समान का नुकसान हुआ है। इस घटना की पुष्टि सीओ अधिकारी कमलेश कुमार ने भी किया है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा शहीद दिवस के अवसर पर बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिलाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन,उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी,अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी राजेश झा ह्रराजाह्र,संयुक्त निदेशक जन-संपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन अनिल कुमार,अपर समाहर्त्ता विधि व्यवस्था राकेश कुमार रंजन,अपर समाहर्त्ता आपदा सलीम अख्तर,अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद,वरीय कोषागार पदाधिकारी शंभू कुमार आर्य,उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार,जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार मिश्र सहित तमाम पदाधिकारीयों एवं कमीर्यों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की सत्य और अहिंसा की नीति ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी थी। उन्होंने आजादी की लड़ाई चंपारण सत्याग्रह में पहली बार इन अस्त्रों का प्रयोग किया। बापू का जीवन ही एक दर्शन है, चाहे खादी का प्रयोग हो या अस्पृश्यता का प्रतिषेध हो, चाहे स्त्री-पुरुष समानता की बात हो, स्वच्छता या मद्यनिषेध हो। सभी विषय पर उन्होंने अपने विचार रखें हैंऔर पहले स्वयं उसे अपनाया,फिर दूसरों को वैसा करने का संदेश दिया, जीवन के हर क्षेत्र में उनका जीवन ही एक दर्शन है। देशवासियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और एक नए भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी नैतिक संविधान की बात हो तो उनका जीवन ही एक नैतिक संविधान है। उन्होंने कुष्ठ रोग को मिटाने की दिशा में काफी काम किया और कुष्ठ रोगियों से भेद-भाव न करने तथा उनके इलाज में हर संभव मदद करने का संदेश दिया,इसलिए 30 जनवरी को कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार द्वारा जारी संदेश ह्रआज हम कुष्ठ रोग के बारे में चर्चा करने के लिए एकत्र हैं।आज ही के दिन सन 1948 में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का निधन हुआ था, महात्मा गाँधी कुष्ठ रोगियों के प्रति स्नेह एवं सेवा भाव रखते थे इसलिए आज का दिन कुष्ठ दिवस के रूप में मनाया जाता है। बापू की कुष्ठ रोगियों के प्रति सेवा ने यह साबित किया है कि कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों की सेवा, देख-रेख करने से कुष्ठ रोग नहीं फैलता है। कुष्ठ की बीमारी कीटाणु से होता है जिसका पूर्ण इलाज संभव है, कुष्ठ की पहचान बहुत ही आसान है, चमड़े पर किसी प्रकार का दाग या धब्बा जिसमें दर्द तथा खुजली नहीं होती हो एवं जन्म से नहीं हो तो वह कुष्ठ का प्रारंभिक लक्षण हो सकता है। समय से इलाज करने से यह रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है, एम.डी.टी का पूरा खुराक नियमानुसार सेवन करने के बाद कोई भी कुष्ठ प्रभावित आम इंसान जैसा हो जाता है और समाज में हम सबके बीच रह सकता है।उपचार नहीं करने से संक्रमित व्यक्ति अनेक लोगों में संक्रमण फैल सकता है और अंगों में विकृति हो सकती है। इसलिए कुष्ठ के संदेहास्पद लक्षण मिलने पर तुरंत जाँच करायें। प्रदेश को कुष्ठ मुक्त करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है,अतः कुष्ठ रोग के संदेहास्पद लक्षण को पहचान कर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाँच कराने के लिए प्रेरित करें। प्रदेश में कुष्ठ विकृतियुक्त व्यक्ति अगर कुष्ठ रोग का इलाज कर चुके हैं, तो उनसे संक्रमण नहीं फैलता है। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निरन्तर निःशुल्क चिकित्सा लेने हेतु प्रेरित करना है, जिससे उनकी विकृति दूर हो सके। साथ में इस बात के लिए भी प्रेरित करना है कि सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत दिए जाने वाले पेंशन विकृति युक्त व्यक्ति अवश्य प्राप्त करेंह्र दिए तथा सरकार द्वारा जारी संकल्प सभी को दिलवाया। मैं कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण वाले व्यक्ति जिनके शरीर के किसी भाग पर दाग-धब्बे हो तथा जिसमें दर्द तथा खुजली नहीं होती हो और जो जन्म से नहीं हो को कुष्ठ रोग के संदेहास्पद व्यक्ति मानते हुए नजदीकी प्राथमिक की स्वास्थ्य केंद्र पर जाने के लिए प्रेरित करूँगा की जिन्हें कुष्ठ रोग है उनका पूरा इलाज हो सके। मैं यह भी शपथ लेता हूँ कि मेरी नजर में मेरे परिवार, पड़ोस और समाज में कोई भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से प्रभावित हैं और उनका इलाज एमडीटी से हो चुका है, तो मैं उनके साथ बैठने, खाने,घुमने-फिरने पर किसी भी प्रकार का भेद-भाव नहीं करूँगा। मैं यह भी शपथ लेता हूँ कि विकलांगतायुक्त कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति को किसी भेद-भाव से नहीं देखूँगा तथा उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने में उनकी भरपूर मदद करूँगा। सरकार द्वारा उनको मिलने वाली विकलांगता प्रमाण-पत्र तथा पेंशन राशि इत्यादि दिलवाने में भी उनकी पूरी मदद करूँगा। मैं यह भी शपथ लेता हूँ कि मैं कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति के साथ सामाजिक भेद-भाव के रोकथाम के लिए सदा पर्यतनशील रहूँगा। मैं यह भी शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के कुष्ठ मुक्त भारत के सपने को पूरा करने हेतु सदा प्रयत्नशील रहूँगा। इसके पश्चात लहेरियासराय टावर अवस्थित बापू की प्रतिमा पर जिलाधिकारी,उप विकास आयुक्त, अपर सम्हर्ता एवं संयुक्त निदेशक जन-संपर्क द्वारा बारी-बारी से माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

## वैश्य समाज द्वारा गांधी की 76 वीं शाहदात दिवस मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा। सत्य, अहिंसा और स्वच्छता हेतु प्रेरित करके विश्व को शान्ति का मार्ग दिखाने वाले, त्याग व तपस्या के प्रेरणास्त्रोत, त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति, दुनिया को अहिंसा और स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 76 वी. शाहदात दिवस समारोह समारोह पूर्वक आज सहरसा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डाक्टर शैलेन्द्र कुमार के सभागार मे वैश्य समाज सहरसा के द्वारा मनाई गई. इस अवसर पर वैश्य नेताओं ने सर्वप्रथम गांधी जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। तत्पश्चात 2 मिनट तक मौन धारण कर गांधी जी को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं सवों ने गांधी जी की प्रार्थना रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम... गाकर गांधी जी के विचारों से आत्मसात करने की शपथ ली। मौके पर वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह ने कहा कि सत्य एवं अहिंसा के अद्भुत मंत्र से समस्त भारत को स्वतंत्रता के पावन ध्येय के लिए जागृत करने वाले साबरमती के संत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आज पुण्यतिथि है। इस मौके पर उन्हें शत शत नमन। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष बापू की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उनके आदर्शों को याद किया जाता है, जब मां भारती के इस महान सपूत ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। बापू के आदर्श एक समृद्ध व करुणामय समाज का निर्माण करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी की हत्या तो की जा सकती है, लेकिन उनके विचारों की हत्या कभी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। बदलते वक्त में आज के युवाओं को लिए गांधी जी बताएं गए मार्ग पर चलना चाहिए। भाजपा चिकित्सक प्रकोष्ठ के संयोजक डाक्टर शैलेन्द्र कुमार ने बापू के जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने सत्य एवं अहिंसा के बल पर देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई के दौरान लोगों को सहीं मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। एवं लड़ाई के लिए मार्गदर्शन दिया। यह उन्हीं का परिणाम था कि सत्य एवं अहिंसा के कारण ब्रिटिश सरकार को भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि सहरसा में भी महात्मा गांधी के कदम पड़े थे। जहां उन्होंने अपना बसेरा डाला था। वह आज भी है। लेकिन उस स्थल को को संरक्षित करने की आवश्यकता है। जदयू नेता देवेन्द्र कुमार देव व सुरेश्वर पोद्दार ने कहा कि हमलोगो को अपने महापुरुष का जंयती पुण्यतिथि मनाने के साथ वैश्य समाज के समाजिक व राजनैतिक परिदृश्य पर भी हमेशा चिंतन मनन करना चाहिए।आज बिहार के बदली राजनैतिक परिदृश्य मे वैश्य समाज के लोगो से सत्ता का बागडोर छिना जा रहा है .वैश्य समाज को आगमी लोकसभा चुनाव मे कम से कम 10 लोकसभा क्षेत्र से सभी पाटीयी को उम्मीदवार बनाना चाहिए। इस शाहदात दिवस समारोह का संचालन भाजपा नेता संजीव भगत वही धन्यवाद ज्ञापन विष्णुदेव पंडित ने किया। इस अवसर पर मुखिया क्रमशःराकेश रौशन, संजीत गुप्ता,संजीव जयसवाल, संरपच लालबहादुर साह, पूर्व मुखिया दिलीप साह, वार्ड पार्षद शम्भु साह, पूर्व पार्षद सुबोध साह, रंजीत दास, महिला जिलाध्यक्ष सीमा गुप्ता ,विजय गुप्ता, उदाहरण भगत, श्यामनंदन पोद्दार, कलानंद पोद्दार, डाक्टर रवि कुमार,कैलाश कुमार साह, राम नरेश साह, सुरेश साह रामदेव साह, सुरेन्द्र साह, भैरव साह भूपेंद्र साह ,शम्भू साह, अशोक गुप्ता निरंजन कुमार, संजय कुमार, रंजना गुप्ता, केदार साह ,दिनेश साह नारायण साह ,हरे राम साह, सुरेन्द्र पोद्दार, उपेन्द्र पोद्दार, संगीता देवी,शिवनंदन पोद्दार, रामबरन पोद्दार, अजय कुमार पोद्दार, सतीश पोद्दार भोला,रवि साह,शिवशंकर ठाकुर, पवन ठाकुर, देवेन्द्र ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, अनिल ठाकुर, रंजीत पोद्दार, शिशुपाल गुप्ता, रंजीत चौधरी,प्रीतम कुमार, डाक्टर विनोद कुमार, बिट्टू भगत, राजनीति गुप्ता, नारायण जयसवाल, बालेश्वर भगत, दिनकर पोद्दार, रामनाथ साह, विनोद साह, पुलकित साह, ई .अरविंद साह आदि शामिल थे।

## राम मंदिर के बाद अब राम राज्य के लक्ष्य को साकार करने हेतु हिन्दू राष्ट्र ग्रंथ प्रदर्शनी लगा




प्रात: किरण संवाददाता

500 वर्ष की प्रतीक्षा के उपरांत अयोध्या में श्रीरामलला विराजमान हुए । 22 जनवरी को राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई; किंतु पूरे देश भर में अनेक जगह पर शोभायात्रा पर पथराव किए गए, कर्नाटक में हनुमान जी का झंडा उतार दिया गया । तमिलनाडु में डीएमके नेता उमा इलकिया ने भगवान श्री राम के हजारों महिलाओं के साथ संबंध थे ऐसे अति निम्न स्तर के वक्तव्य किए हैं । धर्मशिक्षा के अभाव में ही इस प्रकार की धर्महानि हो रही है । धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिंदुओं का हो रहा दमन रोकने हेतु हिंदू राष्ट्र आवश्यक है ।इसी के विषय में जागरण करने हेतु अनेकों वर्षों से सेवारत सनातन संस्थाद्वारा ग्रंथ प्रदर्शनी का आयोजन अयोध्याजी में गोरेराम मंदिर के पास, राम की पैडी के निकट तथा प्रयागराज में अखिल भारतीय धर्मसंघ त्रिवेणी मार्ग, उत्तरी पटरी, माघमेला क्षेत्र के सेक्टर ३ में किया गया है । ये प्रदर्शनी 14 फरवरी तक रहेगी । इस प्रदर्शनी में धर्म, अध्यात्मशास्त्र, सात्त्विक धर्माचरण, दिनचर्या से संबंधित कृत्य, दिनचर्या, आयुर्वेद, पूजा का शास्त्र आदि अनेक विषयों का महत्त्व शास्त्रीय और सरल भाषा में समाज तक पहुंचाने के लिए विविध विषयों के संदर्भ में अनमोल ग्रंथों का समावेश है । शास्त्र समझने से ज्ञान बढकर श्रद्धा में वृद्धि होती है । अतः हिन्दू समाज अधिक से अधिक संख्या में इस ग्रंथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर ग्रंथों से लाभान्वित हो, ऐसा आवाहन सनातन संस्था करती है ।

## क्विज प्रतियोगिता में सफल छात्रों को किया गया प्रोत्साहित



विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

आवासीय सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल, कल्याणपुर (विभूतिपुर) में अतुल्य सोशल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा अयोयित विद्यालय सतरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सफल सभी छात्रों को ट्राफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले में आस्था आनंद, अतुल्य अक्षत, अर्पित, लक्ष्मी, रागनी, स्मित रंजन, हर्षिता, पुष्पा, कारण, रामनंदन, हर्ष, भावना, रिक्की कुमारी, अक्षिता आनंद, शैलेश प्रभाकर सुप्रिया, अभिषेक, मीनाक्षी, निखिल, आनंद, रिशु, सुधांशु, सत्यम, प्रत्युष, विवेक शेखर, ज्योतिराज, आदि को विशेष पुरस्कार से पुरुस्कृत किया गया। समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। स्वागत गान सोनाली ने प्रस्तुत की। समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ रमेश कुमार ठाकुर ने कहा की बच्चे भगवान के रूप होते है। बच्चों से मजदूरी नहीं, विद्यालय की दूरी तय करवाया जाए। जो बच्चे शिक्षा से दूर है उसे विद्यालय से जोड़ा जाय। जिसमें गरीब बच्चों को विद्यालय की तरफ से पूरी सहायता की जाएगी। सभी बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर सभी छात्रों और शिक्षकों को विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किए। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत मोहन सिन्हा, उप प्राचार्य मनोरंजन कुमार चौधरी, एकेडमिक इंचार्ज स्वेत सौरव, समन्वयक मिंटू कुमार, वरीय शिक्षक रामगणेश झा, दिनेश कुमार पांडेय, सचिव बबिता ठाकुर, निधि प्रिया, सोनी कुमारी, मधु चौधरी, आरती झा, अमरजीत कुमार, रौशन कुमार, मनोहर साह, सुप्रिया कुमारी, कल्याणी कुमारी, दीनानाथ सहनी, अनिल कुमार झा के साथ सभी छात्र और अभिभावक मौजूद थे।\

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कुष्ठ मुक्त भारत के सपनों को पूरा करने का लिया शपथ



विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएचसी के समक्ष स्वास्थ्य कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कुष्ठ मुक्त भारत के सपनों को पूरा करने के लिए मंगलवार को शपथ लिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अभय शंकर ठाकुर के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने शपथ ली की मैं कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण वाले व्यक्ति जिनके शरीर पर किसी भी प्रकार के दाग धब्बे हो तथा उसमें दर्द अथवा खुजली नहीं होती हो और जो जन्म से नहीं हो को कुष्ठ रोग के संदेहास्पद व्यक्ति मानते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाने के लिए प्रेरित करूंगा। जिससे उनका पूरा इलाज हो सके। स्वास्थ्य कर्मी ने शपथ लेते हुए कहा कि मेरी नजर में मेरे परिवार, पड़ोस और समाज में कोई भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से प्रभावित है और उसका इलाज एमडीटी से हो चुका है तो मैं उसके साथ बैठने, खाने, घूमने- फिरने पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करूंगा। शपथ लेते हुए यह भी कहा कि विकलांगता युक्त कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति को किसी भी प्रकार के भेदभाव से नहीं देखेंगे तथा उनके निशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने में भरपूर मदद करेंगे। यह भी शपथ लिया कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति के साथ सामाजिक भेदभाव के रोकथाम के लिए सदा प्रयत्नशील रहूंगा।

## जदयू कार्यालय पर प्रेसवार्ता करते के वरिष्ठ नेता डा. प्रभात कुमार



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली बिहार में विकास के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी सुशासन के प्रतीक चिन्ह है.उन्होंने कहा कि नीतीश जी काल कोठरी से निकल कर एनडीए में शामिल होकर बिहार की जनता को बचाने का काम किया है.ये बाते मंगलवार को प्रखंड़ जदयू कार्यालय पर जदयू के वरिष्ठ नेता डा. प्रभात कुमार ने पत्रकारों को सम्बोधित कर कही. उन्होंने कहा कि नीतीश जी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में बिहार की चौतरफा विकास संम्भव है.उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में एनडीए को 40 सीट में 40 सीट जीतकर राजद एव कांग्रेस को बिहार में सुफरा साफ कर देंगे. वही जदयू के वरिष्ठ नेता डा. प्रभात कुमार ने कांग्रेस, राजद पर आरोप लगाया कि जो पार्टी भगवान राम से बैर रखने वाले पार्टी को बिहार सहित समस्त भारत मे सर्वनाश होने पर कगार पर पहुँच रही है. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमरेश जैसवाल, शिव कुमार सिंह, भाजपा नेता अभिषेक कुमार साह, विपिन कुमार सिंह, इन्द्रकांत चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## सेंट अन्थोनी मिशन स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा शहर के मिजार्पुर स्थित सेंट अन्थोनी मिशन स्कूल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा नर्सरी से 10 वी तक के सभी छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की और आंखों की देखभाल के लिए पौष्टिक आहार लेने तथा जंक फूड न खाने की सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर कुश चन्द्र उपस्थित रहे। स्कूल निर्देशक रुद्र कुमार सिंह ने कहा कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में लगभग 4 सो छात्र छात्राओं ने परीक्षण करवाया,वही श्री सिंह ने कहा कि आंखें तो सभी प्राणियों की होती है लेकिन मनुष्य में इसका अलग ही महत्व है शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखें होती है इसलिए इनकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है आंख का काम सिर्फ देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुंचाना होता है इसलिए आँख का चेकअप प्रत्येक वर्ष करना चाहिए। इस शिविर के दौरान स्कूल की प्रिंसिपल वर्षा ठाकुर एवं शिक्षक शिक्षिकाएं सहित संतोष कुमार ठाकुर,अशुप्रिया ठाकुर,सुप्रिया झा,दीपाली कुमारी, मिनाली कुमारी उपस्थित थे।

## गैंगरेप के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने तीन को सुनायी 25 वर्ष सश्रम कारावास व एक लाख जुमार्ने की सजा

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश कैलाश जोशी के द्वारा मंगलवार को विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करीब डेढ़ साल पहले हुए एक गैंगरेप के मामले में तीन आरोपियों को 25 वर्ष सश्रम करावास की सजा सुनायी है। साथ ही सभी को एक-एक लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनायी गई है। अर्थदंड नहीं अदा करने पर उन्हें एक वर्ष अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी। दोषियों की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट स्टेशन रोड वार्ड सात निवासी राम देव यादव के पुत्र मुकेश यादव, किशुन देव यादव के पुत्र मंटुन यादव व स्व. शंकर यादव के पुत्र संजय यादव के रूप में हुई है। इन पर आरोप था कि इन लोगों ने 11 जुलाई 2022 की शाम अपनी दुकान से घर वापस जा रही एक नाबालिग लड़की के साथ बारी-बारी से बलात्कार किया था और फरार हो गए थे। इसको लेकर विभूतिपुर थाने में मामला दर्ज किया गया था। उसी मामले में तीनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए उन्हें सजा सुनायी गई है। इसमें सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) विनोद कुमार एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता रजनी रंजन, रविन्द्र कुमार सिन्हा एवं सुनील कुमार ने न्यायालय के समक्ष अपना अपना पक्ष रखा था।

## फाइनेंस कर्मी से हुए लूट मामले का पुलिस ने किया खुलासा, 3 अपराधी गिरफ्तार



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस ने पूसा थाना क्षेत्र के मोरसंड काली मंदिर चौक के पास बीते 9 जनवरी को हुए फाइनेंस कर्मी के साथ हुए लूट कांड का 30 जनवरी को खुलासा कर दिया। पुलिस ने लूट कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई बाइक व अन्य कागजात एवं कांड में प्रयुक्त तीन मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान पूसा थाना क्षेत्र के मोरसंड डीह निवासी शिवकुमार मंडारी के पुत्र दीपक कुमार व स्व. अशोक मालाकार के पुत्र सिंटू कुमार एवं कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र के पुनास निवासी राजेश सिंह के पुत्र अमन कुमार के रूप में हुई है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय पर मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सह सदर डीएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस घटना के उद्वेदन व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए उनके नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी में पूसा थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी, एसआई उमेश कुमार मंडल, पीएसआई श्रेया कुमारी, पीएसआई प्रियरंजन कुमार, एएसआई गोरख सिंह, सिपाही अरविन्द कुमार व केशव कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी अमन कुमार का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है और वह 2022 में मुफ्फसिल थाना अंतर्गत एक हत्या मामले में जेल जा चुका है। गिरफ्तार अपराधियों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर लूट का सामान बरामद किया गया है। पुलिस के द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में अपराधियों ने बताया कि मोरसंड गांव में एक मुथूट फाइनेंस कर्मी के द्वारा कलेक्शन कर हर रोज समूह का एक लाख रुपए बाइक से अकेले लेकर जाने की जानकारी के बाद उन लोगों ने मिलकर योजना के तहत पहले रेकी की और 9 जनवरी को मोरसंड काली मंदिर के पास पहले से घात लगाकर उससे 82 हजार 260 रुपए, बाइक व अन्य कागजात लूट लिया था।

## शराब के नशे में एक शराबी इजरागांव से गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना क्षेत्र स्थित इजरा गांव में शराब के नशे में हो हंगामा कर रहे व्यक्ति को रहिका थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार ।रहिका थानाध्यक्ष राज किशोर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के ही विजय कुमार महतो ने सूचना दिया की शराब के नशे में एक शराबी शराब के नशे में हो हंगामा कर रहा है सूचना की सत्यापन करने पहुंचे पुलिस बल को देखते ही अनाप सनाप बोलने लगा और मुंह से शराब की बदबू आ रहा था उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रहिका लाया गया जहा डा0 ने शराब पीने की पुष्टि किया। विजय कुमार महतो के आवेदन पर नशेड़ी इजरा गांव निवासी अशर्फी महतो के पुत्र मधुर महतो थाना रहिका जिला मधुबनी के विरुद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में विभूतिपुर के मजदूर की इलाज के दौरान चंडीगढ में मौत

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सड़क दुर्घटना में विभूतिपुर के मजदूर की इलाज के दौरान चंडीगढ में मौत हो गई। मृतक की पहचान विभूतिपुर प्रखंड के भुसवर पंचायत वार्ड 7 निवासी श्याम कुमार महतो उर्फ दुखन महतो के करीब 23 वर्षीय पुत्र लालो कुमार के रूप में बताया गया है। बताया जाता है कि लालो हिमाचल प्रदेश में विगत 27 जनवरी को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे चंडीगढ़ के एक अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था। इलाज के दौरान अगले दिन उसका निधन हो गया। जिसकी सूचना मृतक के पिता श्याम कुमार महतो उर्फ दुःखन महतो को दूरभाष द्वारा मिली। मिली जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक लालो कुमार अपने परिवार के भरण पोषण के लिए हिमाचल प्रदेश में मजदूरी किया करता था। काम करके लौट रहा था तो रास्ते में एक वाहन द्वारा ठोकर लग गया। इसके बाद वह सड़क के किनारे 20 फीट गहरा नाला में जा गिरा। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलने पर वहीं रह रहे मृतक के भाई राकेश कुमार व अन्य साथियों द्वारा उसे इलाज कराया जा रहा था। इसके बाद अगले दिन चंडीगढ़ अस्पताल में ही उसका मौत हो गया। पोस्टमार्टम व कागजी प्रक्रिया के बाद शव को वहां से शव वाहन द्वारा लाया जा रहा है। मृतक लालो कुमार अपने परिवार के चार भाइयों में सबसे बड़ा था।

**सम्पादकीय**

# पीएम के निशाने पर इंडिया

बेशक नीतीश कुमार के भाजपा से जुडे का व्यापक असर राष्ट्रीय राजनीति पर न पड़े, क्योंकि उनकी सियासत बिहार तक ही सीमित रही है, लेकिन वह राजनीति की अवधारणा बदल सकते हैं। विपक्षी गठबंधन के तौर पर जो अवधारणा देश भर में बन सकती थी, वह अब बिखर सकती है। यूं कहें कि बिखराव के मुहाने पर है। नीतीश ने ही प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाते हुए विपक्ष का आह्वान किया था कि एकजुट होकर चुनाव लड़ोगे, तो भाजपा को 100 सीटों तक रोका जा सकता है। हालांकि यह आह्वान भी अतिशयोक्ति था, लेकिन नीतीश ने ही सूत्रधार बनकर अपील की थी कि कांग्रेस को धुरी बनाए बिना कोई विपक्षी गठबंधन कारगर साबित नहीं हो सकता, क्योंकि वह विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है और उसकी व्यापकता भी असंदिग्ध है।

उन्होंने सोनिया-राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे से लेकर ममता बनर्जी, केजरीवाल, नवीन पटनायक, चंद्रशेखर राव, अखिलेश यादव और वामपंथी नेताओं तक सभी से मुलाकात कर एक साझा मंच बनाने की कोशिशें जारी रखीं। दरअसल विपक्षी गठबंधन इंडिया नीतीश के राजनीतिक प्रयासों का ही प्रतिफल है। यह दीगर है कि वह इस नामकरण से सहमत नहीं थे। सवाल है कि कल तक जो शख्स विपक्ष का सूत्रधार था, उसे गठबंधन का संयोजक तक क्यों नहीं बनाया गया? क्या जातीय गणना के मुद्दे पर असहमति और आरक्षण के विरोधाभासों के कारण नीतीश को हाशिए पर रखा गया? न तो उनमें प्रधानमंत्री बनने की इच्छा थी और न ही उनकी पार्टी इतनी बड़ी है कि प्रधानमंत्री पद का दावा कर सके। दरअसल जो अंतर्विरोध कांग्रेस और समाजवादी दलों के बीच 1970 के दशक में गहराए थे, वे आज भी मौजूद हैं, बेशक पिछले कुछ दशकों से कांग्रेस इन्हीं दलों की सरकारों को समर्थन देती रही है। आज उन्हीं के समर्थन और सहयोग से विपक्षी गठबंधन बनाने को विवश है।

इंडिया में भी कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के कंधों पर सवार होकर खुद को मजबूत करने की राजनीति कर रही है। नतीजतन ममता बनर्जी, केजरीवाल ने गठबंधन न करने के बयान दिए हैं और नीतीश कुमार तो पाला बदल कर भाजपा के साथ चले गए हैं। उप्र में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की घोषणा की थी, लेकिन कांग्रेस अब भी 16 सीटें लेने पर अड़ी है और सपा अध्यक्ष की घोषणा को अपरिपक्व करार दे रही है। बहरहाल गठबंधन की जो धारणा देश भर में बन रही थी, नीतीश कुमार के पाला बदलने के बाद वह जरूर खंडित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की चुनावी रणनीति भिन्न है। दरअसल इंडिया प्रधानमंत्री मोदी के निशाने पर रहा है, ताकि मोदी बनाम विपक्ष का साझा चेहरा वाला चुनाव न हो सके। भीतरी सूत्रों का दावा है कि सितंबर से जनवरी के बीच प्रधानमंत्री और नीतीश के बीच 9 बार बातचीत हुई है। तीन बार तो प्रधानमंत्री ने औपचारिक तौर पर नीतीश से बात की थी। जाहिर है कि पाला बदलने के अलावा विपक्षी गठबंधन को छिन्न-भिन्न करने पर बात हुई होगी! इंडिया गठबंधन के तौर पर अभी तक पुख्ता नहीं हो पाया है, लेकिन प्रधानमंत्री की रणनीति के मुताबिक भाजपा छोटी से छोटी पार्टी को भी साथ में जोड़ रही है, ताकि जातीय और क्षेत्र के स्तर पर जो छिद्र और फासले शेष रहेंगे, उन्हें भरा जा सके और लगातार तीसरी बार एनडीए का प्रधानमंत्री चुना जा सके। नीतीश कुमार लोअर-ओबीसी समुदाय के कद्दावर नेता रहे हैं। उन्हें दलितों के एक तबके का भी समर्थन हासिल है। इस वर्ग को भाजपा साधना चाहती है।

# धूमिल होते विपक्षी एकता के प्रयास

सुरेश हिंदुस्तानी

आजकल वर्तमान केंद्र सरकार को सत्ताच्युत करने के सपने देखने की राजनीति गरम है। केंद्र में विपक्ष की राजनीति करने वाली कांग्रेस सहित तमाम क्षेत्रीय दल एक साथ चलने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन वर्तमान राजनीतिक शैली को देखते हुए सहज ही यह सवाल देश के वातावरण में अठखेलियाँ कर रहा है कि क्या आज की स्थिति और परिस्थिति को देखते हुए विपक्ष की भूमिका निभाने वाले राजनीतिक दल एक होकर चुनाव लड़ पाएंगे। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि सारे दल इस जोर आजमाइश में लगे हैं कि किसको कितनी सीट दी जाएं। इस बारे में कांग्रेस के समक्ष बड़ी विकट स्थिति निर्मित होती जा रही है। क्योंकि जहां एक ओर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कांग्रेस के अस्तित्व को बचाने के लिए एक और राजनीतिक यात्रा पर निकल चुके हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहे। इसके पीछे का कारण स्वयं कांग्रेस की राजनीति ही है। क्योंकि उसके नेताओं को न तो अपनी वास्तविक स्थिति का ज्ञान है और न ही उसके नेता वैसा आचरण ही कर रहे हैं। इसी कारण आज क्षेत्रीय दल कांग्रेस से ज्यादा प्रभावशाली हैं। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के सहारे की तलाश है और कांग्रेस इस सत्य को अभी समझने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई दे रही है। देश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बाद यह लगने लगा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः आसीन होने की ओर अग्रसर है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि केंद्र की सरकार ने जो काम किए हैं उनके प्रति भारत की जनता का जुड़ाव दिखाई देता है। इसी कारण भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए जहां देश में विपक्ष के राजनीतिक दल एकता के लिए प्रयास करते दिखाई दे रहे थे, अब उन प्रयासों में बहुत बड़ा पेच सामने आ गया है। यह पेच इसलिए भी स्थापित हुआ है क्योंकि कांग्रेस को सारे क्षेत्रीय दल आंखें दिखाने की अवस्था में दिखाई देने लगे हैं। इसके पीछे क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का अस्तित्व बचाने का तर्क दिया जा सकता है, लेकिन सत्य यह भी है कांग्रेस वर्तमान में बहुत कमजोर हो गई है। इसलिए कांग्रेस को मन मुताबिक सीट देने को कोई भी दल तैयार नहीं है। पश्चिम बंगाल में एक तरफ ममता बनर्जी कांग्रेस को उसकी स्थिति के अनुसार सीट देने को तैयार नहीं है। वहीं उत्तरप्रदेश में भी समाजवादी पार्टी कांग्रेस को ज्यादा सीट देने के मूड में नहीं है। इंडी गठबंधन के लिए रही सही कसर पर नीतीश कुमार ने बिहार में कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद स्वाभाविक रूप से विपक्षी एकता के गठबंधन को बहुत बड़ा आघात लगा है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन की एकता के एक बड़े नेता के रूप में स्थापित हुए थे, जिन्हें कांग्रेस द्वारा महत्व नहीं दिए जाने के कारण नीतीश कुमार ने अपनी अलग राजनीतिक राह निर्मित कर ली।

वर्तमान में राजनीति रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे है। तू डाल डाल, मैं पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ है। पश्चिम बंगाल और पंजाब की राजनीतिक स्वरों के निहितार्थ तलाशे जाएं तो यह कहने में कोई अतिरेक नहीं होगा कि कांग्रेस इन राज्यों में अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाएगी। ऐसा इसलिए भी संभव है, क्योंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का आधार और प्रभाव है और वह किसी भी प्रकार से अपने प्रभाव को कमजोर करने का काम नहीं करेंगी, क्योंकि ममता के पास पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी राजनीतिक जमीन नहीं है। ऐसा ही पंजाब में आम आदमी पार्टी के बारे में कहा जा सकता है। इन दोनों दलों का व्यापक प्रभाव इन्हीं राज्यों में है, जिसे वह खोना नहीं चाहते। आज भले ही कांग्रेस की ओर से विपक्षी एकता के प्रयास किए जा रहे हों, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब कांग्रेस अन्य राजनीतिक दलों उनकी महत्वाकांक्षाओं के साथ स्वीकार किया जाए, लेकिन कांग्रेस की वर्तमान रवैए को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता।

एक समय गठबंधन के मुख्य सूत्रधार कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा की तरफ कदम बढ़ाने की कवायद को विपक्षी एकता के लिए जबरदस्त आघात के रूप में ही देखा जा रहा है। ऐसा करने के पीछे अनुमान यही है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्वीकारोक्ति में वृद्धि की है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भले ही न्यायालय के आदेश पर हुआ हो, लेकिन इसके लिए भाजपा के योगदान को आज पूरा देश जानता है। आज बिहार की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यह कहना ठीक ही होगा कि वहां भले ही राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड के बीच बेमेल गठबंधन बनाकर सरकार का संचालन किया जा रहा था, लेकिन इन दोनों दलों के बीच विचारों की एकता नहीं थी।

# मेडटेक मित्र: भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाईवे

**उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशानिदेर्शों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है। इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है; और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है। ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है।**





**विनोद के पॉल**
**नीति आयोग के सदस्य हैं**

केंद्र सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना है नए मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशानिदेर्शों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है।

इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है; और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है। ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है।

केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की।

आईसीएमआर के मेडिकल डिवाइस एंड डायग्नोस्टिक्स मिशन सचिवालय द्वारा आईसीएमआर वेबसाइट पर एक पोर्टल चालू किया गया है। इसपर एक आवेदक इनोवेटर/स्टार्टअप उत्पाद और उसके विकास के चरण का ऑनलाइन विवरण भरकर मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। आईसीएमआर-सीडीएससीओ टीम मामले की जांच करती है और आवश्यक मदद के लिए कठिनाई की पहचान कर व्यक्तिगत बातचीत करती है और विशिष्ट सुविधात्मक कदमों के लिए आवेदक की मदद करती है।

प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन एक बड़ी चुनौती हैं इसमें सहयोगी टीम और फंड की आवश्यकता होती है। मेडटेक मित्र टीम इनोवेटर्स को आईसीएमआर के प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क और अन्य शोध संस्थानों के शोधकताओं से जोड़ेगी। वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया द्वारा चयनित नवीन चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन करने वाले संस्थानों को फंडिंग की पेशकश की जाएगी। भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं। इस पहल के लॉन्च के कुछ ही दिनों के अंदर, 80 से अधिक इन्नोवेटर्स मेडटेक मित्र से जुड़े हैं जो इस तरह की हैंडहोल्डिंग प्रणाली की आवश्यकता को दशार्ता है। भविष्य में इस प्रणाली की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं। मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है।

भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80% आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं। देश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भी हमे इसे बदलना होगा। चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का सुपर हब बनना भारत की नियति है। इसके लिए हमारे नवाचार और अनुसंधान एवं विकास प्रणाली को उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। और हमारे उद्योग को खुद को दुनिया भर में उच्च-स्तरीय और नवीन मेडटेक उत्पादों के आपूर्तिकर्ता के रूप में बदलना होगा।

सरकार ने हाल ही में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। चिकित्सा उपकरण पार्क विकसित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति लॉन्च की गई है। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति जारी की गई। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक योजना (पीआरआईपी) भी हाल ही में शुरू की गई है ताकि फार्मा-मेडटेक उद्योग में वृद्धिशील नवाचार के पारंपरिक दृष्टिकोण से विघटनकारी नवाचार तक एक आदर्श बदलाव प्रदान किया जा सके।

मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के ह्यजय विज्ञान, जय अनुसंधानह्न और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे। मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है। हम इनोवेटर्स इनेबलर के मित्र को लगातार सीखने और सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेडटेक मित्र में भारत के मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम और मेक-इन-इंडिया मिशन के लिए गेम-चेंजर बनने की क्षमता है। यह मंच किफायती, स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों और निदान के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को भी मजबूत करेगा।

# भारत तानाशाही तंत्र पर प्रजातंत्र का चोला...!

**हम गर्व से हमारे भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्री देश कहते हैं, किंतु क्या हमारे इस गर्वोक्ति में सच्चाई का अंश कितना है, इस पर कभी हमने आत्म चिंतन किया है? इसी प्रश्न को लेकर आज इस बात का हर किसी को अफसोस है कि हमारा देश कहने को प्रजातंत्री आवश्य है, किंतु क्या प्रजातंत्र की वास्तविक परिभाषा के दायरे में हम आते हैं? प्रजातंत्र वह है जो प्रजा का, प्रजा के लिए और प्रजा के द्वारा हो, किंतु क्या आज के हमारे इस प्रजातंत्री के तोहफे में प्रजा की तनिक भी भूमिका शेष रही है? हमने आजादी के बाद 17 साल पंडित जवाहरलाल नेहरू और लगभग इतनी ही अवधि तक इंदिरा जी की तानाशाही को झेला है, इस संदर्भ में इंदिरा जी के आपातकाल को भी याद किया जा सकता है, खेर, वह तो घोषित आपातकाल था, किंतु क्या इस अवधि के बाद हमारे देश से तानाशाही आपातकाल खत्म हो सका? क्या आज भी हम अपने आप को सच्चा प्रजातंत्री कह सकते हैं? यह एक गंभीर आत्म चिंतन का विषय है, जिस पर देश के नेताओं को नहीं बल्कि बुद्धिजीवियों को आत्म चिंतन करना चाहिए और.... सच पूछो तो क्या नेहरू इंदिरा के बाद उच्च स्तरीय सरकारी शासक की सोच में कोई बदलाव आया? मोदी जी के शासन का एक दशक पूरा होने जा रहा है, क्या मोदी जी भी देश की जनता तथा बुद्धिजीवियों की इस प्रश्न पर उनकी सोच को बदल पाए?शायद नहीं..., क्योंकि कोई भी प्रधानमंत्री चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से संबंध रहा हो, जनता की इस सोच को बदल नहीं पाया, हर प्रधानमंत्री ने इस दिशा में प्रयास अवश्य किए, किंतु वह भी उनकी अपनी सोच व स्वार्थ सिद्धि तक ही सीमित रहे है।**





**ओम प्रकाश मेहता**
**स्वतंत्र लेखक**

हमारी आजादी के 77 साल बाद अब भारत वासियों के लिए अपने देश, उसकी स्थिति तथा उसके भविष्य पर आत्म चिंतन का वक्त है, हम गर्व से हमारे भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्री देश कहते हैं, किंतु क्या हमारे इस गर्वोक्ति में सच्चाई का अंश कितना है, इस पर कभी हमने आत्म चिंतन किया है? इसी प्रश्न को लेकर आज इस बात का हर किसी को अफसोस है कि हमारा देश कहने को प्रजातंत्री आवश्य है, किंतु क्या प्रजातंत्र की वास्तविक परिभाषा के दायरे में हम आते हैं? प्रजातंत्र वह है जो प्रजा का, प्रजा के लिए और प्रजा के द्वारा हो, किंतु क्या आज के हमारे इस प्रजातंत्री के तोहफे में प्रजा की तनिक भी भूमिका शेष रही है? हमने आजादी के बाद 17 साल पंडित जवाहरलाल नेहरू और लगभग इतनी ही अवधि तक इंदिरा जी की तानाशाही को झेला है, इस संदर्भ में इंदिरा जी के आपातकाल को भी याद किया जा सकता है, खेर, वह तो घोषित आपातकाल था, किंतु क्या इस अवधि के बाद हमारे देश से तानाशाही आपातकाल खत्म हो सका? क्या आज भी हम अपने आप को सच्चा प्रजातंत्री कह सकते हैं? यह एक गंभीर आत्म चिंतन का विषय है, जिस पर देश के नेताओं को नहीं बल्कि बुद्धिजीवियों को आत्म चिंतन करना चाहिए और.... सच पूछो तो क्या नेहरू इंदिरा के बाद उच्च स्तरीय सरकारी शासक की सोच में कोई बदलाव आया? मोदी जी के शासन का एक दशक पूरा होने जा रहा है, क्या मोदी जी भी देश की जनता तथा बुद्धिजीवियों की इस प्रश्न पर उनकी सोच को बदल पाए? शायद नहीं..., क्योंकि कोई भी प्रधानमंत्री चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से संबंध रहा हो, जनता की इस सोच को बदल नहीं पाया, हर प्रधानमंत्री ने इस दिशा में प्रयास अवश्य किए, किंतु वह भी उनकी अपनी सोच व स्वार्थ सिद्धि तक ही सीमित रहे है।

हां जी दुखद प्रसंग इसलिए याद आया क्योंकि एक दशक के शासन के बाद अब हमारे प्रधानमंत्री जी को प्रजातंत्र के प्रमुख अंग विधायिका की याद आई, वहीं विधायिका जिसके लिए पहली बार चुने जाने पर, मोदी जी ने संसद द्वारा पर साष्टांग प्रणाम किया था, तब उनमें संसद के प्रति सम्मान व मयार्दा अवश्य नजर आई थी, किंतु उसके बाद इसी सदन में कुछ ऐसे भी प्रसंग हुए जो भारतीय प्रजातंत्र में इससे पहले नहीं हुए, जैसे दो गैर सदस्य अजनबियों का संसद के चलते सदन में प्रवेश और सदन का खुले आम अपमान। उन दो देशद्रोहियों को क्या सजा मिली और वह आज कहां है? और उनके इस गैर कानूनी करतब में कौन उनके साथ था? यह सब आज भी देश की जनता के सामने नहीं लाया गया है, क्या ऐसे कृत्य पर पर्दा डालना गंभीर अपराध की श्रेणी में नहीं आता है?

किंतु किया क्या जाए? देश के प्रधानमंत्री के मुखारविंद से जो शब्द भी निकल गए, वे ही देश में पत्थर की लकीर बन जाते हैं, हमारे देश के लोकतंत्र में तो यही हो रहा है, जो कल प्रधानमंत्री पद के लिए जी हुजूरी करता पाया जाता है, उसी के प्रधानमंत्री बनने पर पूरा देश जी हजूरी में जुड़ जाता है, यही प्रजातंत्र है आज हमारे देश में? हमने माना कि हमारे देश की आम प्रजा अपनी दाल रोटी की जुगाड़ में इतनी व्यस्त हो गई है कि उसे अपने राष्ट्रीय दायित्व व कर्तव्यों पर ध्यान देने का मौका नहीं मिला और देश की बागडोर नेताओं ने थाम ली, लेकिन आखिर यह कब तक चलेगा? हमें देशहित के बारे में सोचने की फुर्सत कब मिलेगी? और हम अपनी आगे आने वाली पीढ़ी को कैसा देश धरोहर के रूप में सौंपेंगे? यही सब सोचने का सही वक्त है, और यदि अभी भी हम अपनों में खोये रहे और सोते रहे तो फिर कोई आश्चर्य नहीं कि हम हर क्षेत्र में इतने पिछड़ जाएंगे कि हमें आगे आने का विचार भी छोड़ना पड़ेगा। यही सही वक्त है।

# भाजपा के लिए क्यों जरूरी हो गए नीतीश

अजीत द्विवेदी

बिहार में गठबंधन बदल का लगभग पूरी तरह से एकपक्षीय विश्लेषण किया जा रहा है। मीडिया में सिर्फ इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार बेहद अविश्वनीय नेता हैं और उनका कोई वैचारिक आधार नहीं है। उनके बरक्स लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव की राजनीति को बेहतर और परिपक्व बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि नीतीश की राजनीति सिर्फ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहने के लिए होती है। यह व्याख्या पिछले कुछ बरसों के राजनीतिक घटनाक्रम पर आधारित है और एक हद तक सही है। लेकिन इस एकपक्षीय व्याख्या से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती है। बिहार में जितनी बार गठबंधन में बदलाव होता है और नई सरकार बनती है उतनी बार नीतीश कुमार के साथ एक दूसरी पार्टी भी शामिल होती है। अगर नीतीश वैचारिक और राजनीतिक रूप से बेईमान हैं तो उनके साथ सरकार बनाने वाली दूसरी पार्टियां कैसे ईमानदार और उनके मुकाबले बेहतर मानी जा सकती हैं? आज अगर राजद और कांग्रेस को छोड़ कर नीतीश ने भाजपा के साथ सरकार बनाई है तो इस पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण भाजपा की राजनीतिक मजबूरी के नजरिए से भी की जानी चाहिए। भाजपा को लग रहा था कि अगर 2024 की उसकी संभावनाओं को कहीं से नुकसान हो सकता है तो वह बिहार है और नुकसान पहुंचा सकने की हैसियत वाले नेता नीतीश कुमार हैं। इसलिए उसने राजद और जदयू के बीच के विवाद को भांप कर नीतीश के साथ फिर तालमेल के लिए कदम बढ़ाया। ध्यान रहे नीतीश कुमार की सत्ता को अभी तत्काल कोई चुनौती नहीं थी। यह सही है कि लालू प्रसाद और उनके कुनबे ने और साथ ही उनकी पार्टी ने कई तरह से नीतीश कुमार पर इस बात का दबाव बनाया था कि वे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनवा दें लेकिन अगर नीतीश नहीं बनवाते तो इस बात की संभावना शून्य थी कि राजद समर्थन वापस लेकर उनकी सरकार गिरा देती। सो, नीतीश की सत्ता के सामने चुनौती नहीं थी। यह अंदाजा भी सबको था कि राजद, जदयू, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों का महागठबंधन एकजुट रहा और साथ मिल कर चुनाव लड़ा तो बिहार में भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी। सी वोटर के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में बताया गया था कि राज्य की 40 में से आधी से ज्यादा लोकसभा सीटें महागठबंधन के खाते में जाएंगी। सोचें, पिछली बार जदयू के साथ होने से एनडीए को 39 सीटें मिली थीं। राजद को शून्य और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। इस बार नीतीश के उधर जाने से चुनावी पलड़ा उनके पक्ष में झुक रहा था। भाजपा के एक और आंतरिक सर्वेक्षण की खबरें सामने आ रही हैं, जिसके मुताबिक बिहार में अत्यंत पिछड़ी जातियों का समर्थन नीतीश कुमार के प्रति कायम है। इसके अलावा गैर यादव पिछड़ी जातियों का भी बड़ा हिस्सा नीतीश के साथ है। बिहार में हुई जाति गणना और उस आधार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने से पिछड़े और अति पिछड़े मतदाताओं में नीतीश की साख और बेहतर होने की खबर है तो लाखों की संख्या में शिक्षकों की बहाली का श्रेय भी नीतीश को मिल रहा है। तभी भाजपा लोकसभा चुनाव की संभावनाओं को लेकर चिंता में आई। दूसरे, नीतीश विपक्षी गठबंधन इंडियाइ के भीतर सबसे प्रमुख चेहरों में से एक थे और उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया था। तभी भाजपा को लग रहा था कि अगर नीतीश फिर से उसके साथ आते हैं तो एक तीर से दो शिकार होगा। पहले तो विपक्षी गठबंधन इंडियाइ का अभियान पंक्चर होगा और वह भी तब जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार पहुंचने वाली है और दूसरे, बिहार में भाजपा का रेनबो समीकरण बहुत मजबूत हो जाएगा। ध्यान रहे भाजपा के साथ चिराग पासवान और जीतन राम मांझी पहले से हैं। यानी दलित और महादलित दोनों के सबसे महत्वपूर्ण नेता भाजपा के साथ हैं। दलित और महादलित के अलावा नीतीश के साथ आने से गैर यादव पिछड़ी जातियां मतलब कोईरी, कुर्मी और धानुक का आठ फीसदी वोट पूरी तरह से भाजपा के साथ आएगा और साथ ही अति पिछड़ी जातियां पूरी तरह से भाजपा गठबंधन के साथ एकजुट होंगी। नीतीश ने लालू प्रसाद के खिलाफ अपनी राजनीति लव-कुश समीकरण से शुरू की थी,

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, मंगलवार, 30 जनवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### दसवीं के परीक्षार्थियों को नहीं मिला प्रवेश पत्र, डीईओ एवं जिलाधिकारी को आइसा ने दिया पत्र

छपरा सदर : सारण जिला के गगनदेव नारायण सिंह उच्च विद्यालय धनोरा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परौना, निजाम चक हाई स्कूल दिघ वारा के सैकड़ो छात्र-छात्राओं को दसवीं बोर्ड परीक्षा का एडमिट कार्ड अभी तक नहीं मिला है जिस विषय में वहां के प्रधानाध्यापक से बात करने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है मामले की जानकारी आइसा को मिलाने पर मंलवार को जिलाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण को पत्र के माध्यम से जानकारी दी एवं जल्द से जल्द मामले की जांच कर एडमिट कार्ड देने या डमी एडमिट कार्ड पर परीक्षा देने की मांग की। आइसा जिला अध्यक्ष कुणाल कौशिक ने कहा कि ऐसे मामले जिला के और भी अनेकों स्कूलों में हो सकते हैं शिक्षा विभाग को अपने स्तर से उक्त मामले को बेहतर से बेहतर तरीके से जांच करने की जरूरत है और विभाग जल्द से जल्द एडमिट कार्ड मुहैया कराए परीक्षा से वंचित हो रहे छात्रों के लिए दुबारा परीक्षा कंडक्ट कराई जाए। आगे उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं जब अपने स्कूल के अध्यापक से बात कर रहे हैं तो उनको अभद्र तरीके से माना किया जा रहा है छात्र संगठन आइसा प्रधानाध्यापक के ऐसे व्यवहार का घोर निंदा करती है यदि जल्द से जल्द मामले की सुनवाई नहीं की गई तो तमाम छात्रों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल होगा।

# डीएनडीआई की मदद से सारण और पूर्णिया में हुई सीओई की स्थापना, मरीजों का हो रहा बेहतर इलाज : डॉ. कृष्णा पांडेय

## सिविल सर्जन ने आरएमआरआईएमएस को हरसंभव सहयोग देने का दिलाया भरोसा

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा। विश्व एनटीडी (नेगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज) दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल परिसर में स्थिति सेंटर फॉर एक्सीलेंस (सीओई) में चैंपियंस ऑफ चेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य समिति और ड्रग फॉर नेगलेक्टेड डिसीजेस इनिशिएटिव (डीएनडीआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कालाजार चैंपियंस को सम्मानित किया गया। साथ ही, कालाजार चैंपियंस ने इस बीमारी और इलाज को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट और मेडिकल साइंसेज (आरएमआरआईएमएस) के निदेशक डॉ. कृष्णा पांडेय, सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह, गोपालगंज डीएमओ डॉ. सुषमा शरण व डीएनडीआई के अमित मालिक ने संयुक्त रूप से किया। संयुक्त रूप से उद्घाटन करते हुए राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट और मेडिकल साइंसेज (आरएमआरआईएमएस) के निदेशक डॉ. कृष्णा पांडेय ने कहा कि एनटीडी के मुख्य तीन पिलर यूनाइट, एक्ट एंड एलिमिनेट हैं। जो डब्ल्यूएचओ का स्लोगन भी है। उन्होंने बताया कि सारण में कालाजार के मरीजों की जांच होती थी, लेकिन पीकेडीएल के मामलों में बोन मैरो की जांच की सुविधा नहीं थी। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से डीएनडीआई के द्वारा सारण और पूर्णिया जिले में सीओई की शुरूआत की गई। जहां मरीजों का बेहतर इलाज हो रहा है। जिससे बोन मैरो जांच के लिए मरीजों को राज्य मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही, सारण में सीओई के संचालन से आसपास के जिलों के मरीजों की भी जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि फिलवक्त आरएमआरआईएमएस अब कुछ नई दवाओं को लेकर रिसर्च कर रहा है। जिसके परीक्षण के लिए कालाजार मरीजों को यहां से रेफर करें। ताकि, कालाजार के इलाज को और भी बेहतर बनाया जा सके। कालाजार उन्मूलन में आरएमआरआईएमएस ने किया उत्कृष्ट कार्य : सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि कालाजार को लेकर आरएमआरआईएमएस ने उत्कृष्ट कार्य किया है। जिससे बिहार और आरएमआरआईएमएस का विश्व में नाम कमाया है। साउथ एशिया के कई देशों में आरएमआरआईएमएस के गाइडलाइन पर ही इलाज हो रहा है। साथ ही, जिले में सीओई की स्थापना में भी आरएमआरआईएमएस और डीएनडीई का भरपूर सहयोग मिला। जिसकी बदौलत सारण डीएचएस को मेडिकल कॉलेज की मान्यता मिली। साथ ही, कालाजार मरीजों के इलाज के लिए डीएनडीआई और सीओई में प्रतिनियुक्त मेडिकल ऑफिसर और एएनएम ने बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कालाजार उन्मूलन को लेकर जिले में स्वास्थ्य संस्थानों के साथ फ्रंटलाइन वर्कर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिसका परिणाम आज यह हुआ है कि जिले में नए मरीजों के मिलने की संख्या काफी घट गई है। जो आगामी दिनों में और भी घटेगी। उन्होंने आरएमआरआईएमएस के निदेशक को यह आश्वस्त किया की आगामी दिनों में उन्हें रिसर्च के लिए सारण जिले से भरपूर सहयोग मिलेगा। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से हम नेगलेक्टेड डिडीज को लेकर कार्य कर रहे हैं, उसके आधार पर इन बीमारियों को एनटीडी की सूची से हटाया जाए। उन्होंने बताया कि पूर्व में सारण जिले में चार से पांच हजार मामले सामने आते थे। लेकिन, अब मरीजों की संख्या काफी घट गई है। यह इस बात से स्पष्ट होता है कि पिछले साल कुल 88 मामले चिह्नित हुए। जिसका सारा श्रेय सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और उनकी टीम को जाता है। साथ ही, सहयोगी संस्थानों का भी भरपूर सहयोग मिला। इसलिए इन बीमारियों को अब नेगलेक्टेड डिजीज की सूची से हटा देना चाहिए। अब स्वास्थ्य विभाग इन बीमारियों को अब फोसाइज्ड कार्य किया जा रहा है। जिसके परिणाम आज सबके सामने है। साथ ही, जिस प्रकार से काम हो रहा है उसके आधार पर हम यह आश्वस्त करते हैं कि सारण से कोई मरीज नहीं मिलेंगे। साथ ही, उन्होंने आरएमआरआईएमएस के निदेशक से पीकेडीएल के मामलों में इलाज को लिए गाइड लाइंस की मांग की। जिससे पीकेडीएल के मरीजों का इलाज और भी सुगम हो सके। स्टाफ नर्स और कलाजार चैंपियन ने साझा की अपनी कहानी : कार्यक्रम में सीओई के कर्मचारी और कालाजार चैंपियन ने अपनी कहानी लोगों से साझा किया। स्टाफ नर्स नेहा कुमारी ने कहा कि पहले पीकेडीएल के मरीजों को इलाज के लिए पटना जाना पड़ता था। लेकिन, अब यहां पर इलाज पाकर मरीज काफी संतुष्ट हैं और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों को सराहना करते हैं, जिससे अपने द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतुष्टि होती है। वहीं, पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्य रवि कुमार और मंजू देवी ने भी अपनी कहानी से लोगों को अवगत कराया। साथ ही, उन्होंने भविष्य में अपने इलाके और आसपास के गांवों में लोगों को कालाजार के प्रति जागरूकता अभियान चलाने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात सीओई के नोडल पदाधिकारी डॉ. सर्वजीत कुमार, डॉ. हरेंद्र प्रसाद, डॉ. संजीत कुमार, स्टाफ नर्स नेहा कुमारी, विष्णु चौधरी, पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्य डॉ रवि कुमार, मंजू देवी, मिथिलेश कुमार और मनीष कुमार को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और बीसीएम सहित जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सेंटर फॉर एडवोकेसी के एसपीएम रणविजय कुमार, एएसपीएम रंजीत कुमार, डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी सहित जिला व प्रखंड स्तरीय समन्वयक शामिल रहे। वहीं, मंच संचालन डीएनडीआई की मनीषा शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन अमित मल्लिक ने किया।

# सूबे में एनडीए की सरकार सत्तासीन होने पर रक्सौल चेम्बर ने दी बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने प्रदेश में एनडीए की सरकार को दुबारा सत्तारूढ़ होने पर स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा को उनके हरैया स्थित आवास पर मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। चैंबर के अध्यक्ष अरूण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा को अंगवस्त्रम एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। जिसकी जानकारी देते हुए मिडिया प्रभारी सह प्रवक्ता शम्भु प्रसाद चौरसिया ने देते हुए बताया कि अध्यक्ष अरूण कुमार गुप्ता एवं महासचिव आलोक कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि बिहार में. एक बार फिर भाजपा -जदयू की सरकार सत्तारूढ़ होने से जनमानस की उम्मीदें बढ़ी है। अब तक बेपटरी हो चुकी सूबे में विकास की रफ्तार को नयी सरकार जनमानस की भावनाओं का ख्याल रखते हुए विकास कार्यों तथा लम्बित सारी जनयोजनाओं को धरातल प्रदान करेगी। इस क्रम में परेउवा ढाला पर ओवरब्रिज, एयरपोर्ट, बैंक रोड, ओल्ड एक्सचेंज रोड सहित बहुत सारी बिंदुओं पर विकासात्मक चर्चा हुई। चेम्बर के द्वय अधिकारियों ने उम्मीद जताया कि नयी सरकार अंतर्राष्ट्रीय महत्व के शहर रक्सौल जो अब तक समग्र विकास से अछूता, के सम्पूर्ण विकास पर कार्य करेगी। इस मौके पर विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि एनडीए की सरकार आने से अब जिम्मेदारियां एवं चुनौतियां भी ज्यादा बढ़ गयी है। ऐसे में विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शहर की चिरप्रतीक्षित विकास परियोजनाओं को सूबे की सरकार एवं सांसद संजय जायसवाल के माध्यम से धरातल प्रदान करने के लिए हर मुमकिन प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर चैंबर के सचिव राजकुमार रौनियार, मोहम्मद निजामुद्दीन, दिनेश प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, गिरधारीलाल श्रीवास्तव एवं रजनीश प्रियदर्शी आदि उपस्थित रहे।

# न्याय नेटवर्क संस्था, डंकन अस्पताल द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




रक्सौल। डंकन अस्पताल रक्सौल में न्याय नेटवर्क प्रोजेक्ट के द्वारा एनजीओ ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमे आधुनिक दासता जैसे मानव तस्करी, बाल मजदूरी, बाल विवाह, यौन शोषण और घरेलु हिंसा के मुद्दों पे चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण का संचालन न्याय नेटवर्क प्रोजेक्ट के प्रणय मोहंती और संदीप कुमार शर्मा के द्वारा किया गया। इस बैठक में स्थानीय क्षेत्र के मौजूदा समस्याओं तथा उनके निदान के बारे में चर्चा किया गया। इस बैठक में भारत और नेपाल के स्थानीय एनजीओ शामिल रहे। इसमें स्वच्छ रक्सौल से रंजीत सिंह, प्रयास संस्था से आरती कुमारी, माहेर ममता निवास से बिरेन्द्र कुमार तथा प्लान इंडिया, मुस्कान फाउंडेशन, जन जागरण संस्था, मैती नेपाल, सी.डब्लू.सी नेपाल, प्रोटेक्शन नेपाल तथा सीडब्ल्यूसी नेपाल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विधायक ने समुदायिक भवन का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



परसा। प्रखंड के बलिगाव पंचायत स्थित वार्ड 13 के महा दलित बस्ती में समुदायिक भवन का विधायक छोटेलाल राय, बीडीओ डॉ दीपक कुमार सिंह, मुखिया मधु देवी द्वारा संयुक्त रूप से पूजा अर्चना करने के साथ फिता काटकर उद्घाटन किया। मुखिया ने कहा कि महा दलित बस्ती में सामाजिक कार्य और बारात ठहराने के लिए काफी परेशानी होती थी। महा दलित परिवार की परेशानी को देखते हुए 15 वीं वित आयोग से 11 लाख की लागत से भवन का निर्माण कार्य कराया गया। भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने से दलित परिवार को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम कृत संकल्पित है। आगे भी पंचायत का विकास जारी रखने की बातें कही। वही विधायक छोटेलाल राय ने कहा कि मुखिया मधु देवी द्वारा पंचायत विकास के लिए सभी जाति सभी समुदाय को लेकर साथ चलने और सबका विकास करने के लिए दिन रात लगी रहती है। इस सराहनीय कार्य के लिए विधायक छोटेलाल राय ने मुखिया को बधाई दिया। भवन उद्घाटन के उपरांत महा दलित परिवार के जनक माझी, वकील माझी, इंद्रजीत माझी, पुलिस माझी ने मुखिया को बधाई दिया। कार्यक्रम में दरियापुर प्रमुख प्रतिनधि राजन राय, बालेश्वर राय, मो सोनू, बदशाह राय, किरण राय, समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसएसबी द्वारा बकरी पालन प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 47 वीं बटालियन द्वारा भेलाही के नथुनी दुर्गा हाई स्कूल के प्रांगण में नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2023-24 के अंतर्गत 20 ग्रामीणों के लिए 15 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसकी विधिवत शुरूआत सहायक कमांडेंट अश्विनी कुमार, सरपंच श्री रामविनय एवं अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान एसएसबी द्वारा बताया गया कि एसएसबी इसी प्रकार के विभिन्न कोर्स जैसे कि प्लांबिंग कोर्स, इलेक्ट्रिशियन कोर्स, सिलाई कोर्स इत्यादि कराती रहती है, जिसका उद्देश्य है कि इन कार्यों द्वारा सीमावर्ती गांव के ग्रामीणों को रोजगार मिल सके और उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाया जा सके। इसी क्रम में जी समवाय के कार्यक्षेत्र में 20 ग्रामीणों के लिए 15 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण चलाया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त युवकों को प्रमाण पत्र एवं बकरी का बच्चा प्रदान किया जाएगा। उक्त मौके पर समवाय प्रभारी निरीक्षक राकेश मणिपाल, सरेटा डायरेक्टर जितेंद्र कुमार, वार्ड मेंबर विनोद महतो एवं प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# इंटर के छात्रों का पंजीयन शुल्क नहीं जमा किए जाने पर हंगामा

प्रात : किरण संवाददाता



भेल्दी(सारण)। अमनौर प्रखण्ड के जेएम हाईस्कूल रायपुरा के एक अतिथि शिक्षक द्वारा रूपए लेने के बावजूद भी इंटर के 83 छात्र-छात्राओं का पंजीयन शुल्क बैंक में जमा किये जाने के कारण उनका पंजीयन नहीं हो सका जिससे नाराज छात्रों ने स्कूल में जमकर हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार अमनौर प्रखण्ड के जेएम हाईस्कूल रायपुरा के एक अतिथि शिक्षक ने इंटर के 83 छात्रों से पंजीयन के नाम पर रूपए लेने के बाद भी उनकी पंजीयन राशि को बैंक में जमा नहीं किए जाने के कारण उनका रजिस्ट्रेशन नहीं पर आक्रोशित होकर मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। छात्रों के हंगामें को देखते हुए भेल्दी पुलिस मौके पर पहुंच छात्रों को समझा-बुझाकर शांत कराया। स्कूल के एचएम विजयेंद्र कुमार साह ने लिखित तौर पर बताया है कि स्कूल के अतिथि शिक्षक अजय राय कक्षा 11 वीं के छात्र-छात्राओं से पंजीयन फार्म भरने के लिए बिना सूचना एवं बिना आदेश प्राप्त कर लिए कुल 371 छात्र-छात्राओं से जिसमें 288 छात्र-छात्राओं का उनके द्वारा चालान के द्वारा बैंक में राशि जमा किया गया है और शेष 83 छात्रों का पंजीयन शुल्क जमा नहीं किए जाने से छात्रों का पंजीयन नहीं हो सका।

# महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर भाकपा ने गोष्ठी का किया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

दरियापुर। स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के भाकपा अंचल कार्यालय डेरनी में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे गोष्ठी से पूर्व सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कार्यक्रम की शुरूवात करते हुए भाकपा के वरीय नेता सह पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डा0 के एन सिंह ने गांधी के आदर्श, रामराज्य की परिकल्पना तथा शोषितो के प्रति उनकी संवेदना पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा की वर्तमान संदर्भ में गांधी जी के विचारो की प्रासंगिकता और बढ़ गई है क्योंकि देश की जम्हूरियत को सबसे अधिक खतरा देश की सत्ता से है। वहीं विजय कुमार साह ने कहा की गांधी जी के शहादतकी सार्थकता तभी फलीभूत होगी जब सभी गांधी के दर्शनों को आत्मसात करेंगे। देश में गोडसेवादी शक्तियां लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करने पर तुली हुई है। गोष्ठी को संबोधित करने वाले में किशोरी प्रसन्न राय, जगरनाथ महतो समेत कई अन्य शामिल थे।

# पुलिस ने एनडीपीएस कांड के वांछित फरार अभियुक्त को किया गिफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के कई मामले साहित एंनडीपीएस कांड के वांछित फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वांचित के गिरफ्तारी के बाद दर्ज प्राथमिकी मे थानाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान ने प्राथमिकी मे बताया है कि सारण जिला के मुख्य अपराध के मुख्य शीर्ष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम मे बनियापुर थाना पुलिस द्वारा बनियापुर थाना कांड संख्या 400/23 मे वांछित फरार चल रहा अभियुक्त पूछरी निवासी धर्मेंद्र साह को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस पर पूर्व मे बनियापुर थाना कांड संख्या 143/16 एंन, डीपीएस अधिनि 84/16, 14/23 ,141/23 कांड मे एस सी /एस टी साहित कई अपराधिक मामले दर्ज किया गया है। उक्त अपराधी का अन्य कई मामले पूर्व थानाध्यक्ष अरुण कुमार के द्वारा वर्ष 2023 मे शराब ,गांजा तस्करी मामले मे प्राथमिकी दर्ज काराए गए थे, जिस पर संज्ञान लेते उक्त अपराधी की गिरफ्तारी कर ली गयी है। टीम मे थानाध्यक्ष के आलावा थाना के अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# रसोईया संघ द्वारा मानदेय सहित 15 सूत्री मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन



प्रात : किरण संवाददाता

गड़खा। राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रंट ने 15 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन गड़खा प्रखंड मुख्यालय में की गई। सदस्यों कहा कि पूरे वर्ष का मानदेय नहीं मिला है तथा वर्ष में 10 माह का मानदेय मिलता है एक महीना 1650 रुपया मिलता है। प्रदेश अध्यक्ष सुधांशु कुमार ने कहा गया की 15 सूत्री मांगे रखी गई है। सभी रसोइया मानदेय कम से कम 10 हजार रूपए प्रति माह किया जाए। प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार ने कहा कि स्कूल में मध्याह्न भोजन बनाने दौरान कई रसोईया जख्मी और चोटिल भी हो जाते हैं। इनकी ईलाज की राशि भी निर्धारित की जानी चाहिए। जीवन बीमा के तहत सभी रसोइयों का 5 लाख का बीमा मुक्त में करने का प्रावधान होना चाहिए। इस दौरान राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रंट के प्रखंड इकाई का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सुधांशु कुमार प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार प्रखंड सचिव फातिमा खातून अन्य रसोईया कार्यकारणी में शामिल किया गया। मौके पर संगीता देवी रीता देवी चंद्रावती कुअर लोचन शाह गीता देवी पार्वती देवी बबिता देवी लाल मुनी देवी आरती देवी साहित्य अन्य लोग उपस्थित थे।

# 45वीं जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन लीग क्वार्टर फाइनल एवम सेमीफाइनल मैच हुआ

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित 45 वी जूनियर बालिका राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन क्वार्टर फाइनल एवम सेमीफाइनल मैच में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर रोमांच भरा। फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में कोहरे के बीच संपन्न लगातार मैच में दर्शक बने रहे। बिहार हैंडबॉल एवम सारण जिला हैंडबॉल संघ द्वारा सारण बनियापुर बड़ा लौवा के संत जलेश्वर एकेडमी प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता के सभी मैच हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रीतपाल सिंह सलूजा के मौजूदगी में हुई। सेमीफाइनल सत्र के मुख्य अतिथि डीजी पुलिस बिल्डिंग कंसट्रकसन कॉर्पोरेशन विनय कुमार, आयोजन अध्यक्ष विधान पार्षद इंजिनियर सच्चिदानंद राय, संत जलेश्वर एकेडमी की मुख्य ट्रस्टी इंदु राय, बिहार हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार, बिहार हैंडबॉल के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा, सारण हैंडबॉल अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह, उपाध्यक्ष मुखिया अजीत सिंह, प्राचार्य अनुपमा मिश्रा, रमेश सिंह, सत्येंद्र तिवारी, अप्पू जी सहित अन्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता समारोह का संचालन सारण हैंडबॉल सचिव सह आयोजन सचिव संजय कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता में 27 राज्य के पांच सौ से अधिक महिला खिलाड़ी एवम तकनीकी पदाधिकारी हिस्सा ले रहे है। वही हैंडबॉल फेडरेशन के एक दर्जन पदाधिकारी भाग ले रहे है। चौथे दिन खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में बिहार ने राजस्थान को 20 - 8 , गुजरात ने हरियाणा को 18 - 17, हिमाचल ने चंडीगढ़ को 17 -13, दिल्ली ने तमिलनाडु को 23 -8 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वही सेमीफाइनल में बिहार ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 25 - 14 गोल एवम दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली ने हिमाचल को 21 - 12 गोल के बड़े अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। बुधवार के सुबह 10:30 बजे दोनो बिहार एवम दिल्ली के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा।

# नव नियुक्त अमनौर थाना अध्यक्ष बने पिन्टू कुमार



प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर थाना के पिन्टू कुमार नए थाना अध्यक्ष के रूप में लिया योगदान। तत्कालीन थाना अध्यक्ष राजेश कुमार के गोपालगंज स्थांतरण के पश्चात इनकी पदस्थापना हुई। ये पूर्व में जलालपुर थाना में कार्यरत थे। थाना अध्यक्ष पिन्टू कुमार ने कहा की अपराधियो शराब धंधेबाजों पर पूर्ण नजर बनी रहेगी। सभी के सहयोग से शांति माहौल बना रहे सबको न्याय मिले यही प्रयास रहेगा। इनके आगमन पर कई समाजसेवी पहुँच अंग वस्त्र से समानित कर उनका स्वागत किया। समानित करने वालो में अर्जुन राम पूर्व प्रत्याशी विधानसभा बसपा, समाजसेवी सोनू राय, राजेंद्र राम, बसपा राकेश राम, बिमल सिंह, बीडीसी राजकुमार राम , वार्ड प्रतिनिधि राजकुमार , जयप्रकाश कुमार, आकाश कुमार लक्ष्मण राम पूर्व मुखिया रामशंकर राम मंटू राव पंचमलाल भारती छोटू कुमार प्रशांत कुमार पिंटू कुमार आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

भेल्दी(सारण)। छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर मोलनापुर नहर के समीप सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक भेल्दी थाने के संदलपुर गांव निवासी अबीर चंद्र साह (64) बताया जाता है। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम साइकिल से अबीर चंद्र साह किसी काम से बाजार गए थे। जहां से एनएच 722 को पार करके अपने घर की ओर आ रहे थे। तभी किसी अनियंत्रित वाहन ने पीछे से उन्हें धक्का मार दिया। जिससे वह मौके पर ही गिर गए। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग उनको लेकर गड़खा सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर भेल्दी पुलिस भी मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। पोस्टमार्टम होने के बाद शव जैसे ही उनके पैतृक गांव पहुंच की परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी मालती देवी का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक के चारों पुत्र राजेश साह, दिनेश साह, रूपेश साह, विकेश साह पुत्री सीमा देवी, रूबी देवी व पिंकी देवी भी अपने पिता की मौत से गम में डूबे हुए थे।

# डेरनी पुलिस ने शराब का किया विनष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

दरियापुर। डेरनी पुलिस के द्वारा भारी मात्रा में जब्त किए शराब का विनष्टीकरण किया गया। राजस्व अधिकारी विवेक कुमार की निगरानी में थानाध्यक्ष रिंकी कुमारी के द्वारा 950 लीटर अंग्रेजी तथा 150 लीटर देशी शराब को थाना परिसर में विनष्ट कराया गया

# पुलिस कैंप हेतु डीआईजी ने किया स्थल निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



पानापुर(सारण) थाना क्षेत्र के कोंधभगवानपुर दियारा क्षेत्र में प्रस्तावित पुलिस कैंप स्थापना के लिए मंगलवार को सारण डीआईजी विकास बर्मन पानापुर पहुँचे। उन्होंने उच्च माध्यमिक विद्यालय कोंधभगवानपुर एवं पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कैंप के लिए मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मालूम हो कि मिशन सुरक्षा के तहत कोंधभगवानपुर दियारा क्षेत्र में पुलिस कैंप की स्थापना की जानी है। उन्होंने बताया कि दियारा क्षेत्र में अपराधियों की शरण स्थली को समाप्त करने एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस कैंप बनाया जा रहा है। स्थल निरीक्षण के दौरान डीएसपी नरेश पासवान ,थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम सहित तरैया थाने की पुलिस मौजूद थी।

# सड़क हादसे में हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

दरियापुर स्थानीय प्रखंड के मानपुरा पंचायत के दबेर्शा गाँव निवासी उमेश राय पिता अगिना राय जो डुमरी मे रेलवे फाटक पर कार्यरत थे सुबह 6 बजे अपने ड्यूटी जाने के क्रम मे हल्दीया चवर मे दरियापुर कपारफोरवा रोड मे अज्ञात वाहन के ठोकर से घटना स्थल पर ही मौत हों गई जिसके बाद मानपुरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह दरिहारा मुखिया प्रतिनिधि जीतेन्द्र राय ने इसकी सूचना सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह को दी जिसके बाद राकेश सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच कर पूरी जानकारी ली जिसके बाद रेलवे के अधिकारी डीआरएम विवेक शुद से बात कर अधिकारी को भेजनें की बात की जिसके बाद प्रशासन से बात कर शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया गया जिसके बाद पोस्टमार्टम हुआ जिसके बाद घर पर शव पहुंचने पर उनके घर पहुंच कर परिजन से मिलकर कर गहरी सम्बेदना प्रकट किया इस अवसर पर साथ मे सरपंच दिनेश राय सरपंच प्रतिनिधि राजेश सिंह रौशन सिंह पंचायत समिति केदार गुप्ता और जीतेन्द्र महतो टुनटुन सिंह शिवदयाल राय सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भोजपुरी गायक ध्रुव राज चंद्रवंशी के कायल हो रहें श्रोता

नोखा (रोहतास) कहते है गीत-संगीत की दुनिया में जब कोई कलाकार अपनी कला को बिखेरता है तो लोग भी उसके दीवाने हो जाते है। कुछ इसी तरह का कारनामा नोखा प्रखंड क्षेत्र डुमरा गांव निवासी भोजपुरी गायक ध्रुव राज चंद्रवंशी भी अपने भोजपुरी के मधुर गीतों से लोगों को अपना कायल बना रहें है। बताया जाता है कि गरीबी से जूझता हुआ चंद्रवंशी समाज का यह गायक भोजपुरी गायन क्षेत्र में उभरता हुआ सिंगर ध्रुव राज चंद्रवंशी भी अपनी समाज से जुड़ी भोजपुरी गीतों का गायन कर देश के विभिन्न राज्यों में अपनी लोकप्रियता बनाते हुए एक अलग पहचान बना रहा है। जबकि सिंगर ध्रुव अपने जीवन में पढ़ाई करते हुए गीत गायन का भी रियाज करता था। साथ ही साथ विभिन्न शहरों सहित गांवों में आयोजित कार्यक्रम में श्रोता उनके भोजपुरी गीतों पर रात भर झूमते नजर आते है। वही देखा जाए तो भोजपुरी गानों की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। अब हर शहर के लोग भोजपुरी गानों को पसंद कर रहे हैं। इतना ही नहीं अब भोजपुरी गानों के अलावा अब फिल्मों की भी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। यही वजह है कि अब भोजपुरी इंडस्ट्री में काफी नए कलाकर भी आते ही धूम मचा रहे हैं। साथ ही यूट्यूब पर भोजपुरी गानों का जलवा लगातार जारी है। जो गायकों के अच्छे गाने पर व्यूज भी बढ़ रहे हैं।

### एनडीए की सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

आरा : बिहार में एनडीए की सरकार बनने एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा के उपमुख्यमंत्री बनने पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ, भोजपुर इकाई के सदस्यों ने शुभकामनाओं के साथ खुशी व्यक्त किया है। इस मौके पर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मणिशंकर सिंह की अध्यक्षता में तथा सह संयोजक प्रेमकातं के संचालन में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर तथा मिठाइयाँ बांट कर खुशी जाहिर की। मौके पर मौजूद प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी विजेता विजय वर्धन ने कहा कि प्रदेश में एनडीए की सरकार बनना आम आदमी की भावना का सम्मान है। इस मौके पर डॉ. संदीप कुमार, दीपक कुमार, विपिन बिहारी वर्मा, अंजनी कुमार आदि सदस्य सह अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 21 फरवरी अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में चमक बिखेरने को तैयार भोजपुरी विभाग

## भोजपुरी विभाग में संसाधन कम पर संभावनाएं अपार

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी को प्रतिष्ठित भारतीय भाषा केंद्र, जे एन यू में आई सी एस एस आर और मैथिली भोजपुरी अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित मातृभाषाओं में व्यक्त साहित्य और संस्कृति के विविध आयाम विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भोजपुरी विभाग के चार शोधार्थी भोजपुरी साहित्य संस्कृति से संबंधित विविध विषयों पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस संगोष्ठी में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से कई विद्वान और शोधार्थी विभिन्न मातृभाषाओं में अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत करेंगे। भोजपुरी विभाग के शोध छात्रों यशवंत कुमार सिंह, संजय कुमार, राजेश कुमार और रवि प्रकाश सूरज के शोध पत्रों का चयन बहु प्रतिष्ठित भारतीय भाषा केंद्र, जे एन यू में होने पर भोजपुरी आंदोलन से जुड़े कई लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा भोजपुरी भाषा के गौरव में वृद्धि की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। संगोष्ठी का उद्घाटन जे एन यू की कुलपति शांति धुलिपुड़ी पंडित करेंगी तथा मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कट्टीमनी करेंगे। वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के मैथिली भोजपुरी अकादमी के सचिव अरुण झा करेंगे। शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले छात्रों ने बताया कि संगोष्ठी के चुनिंदा शोधपत्रों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पत्रिका का रूप दिया जायेगा। वहीं दोहरी खुशी की बात यह है कि पीजी भोजपुरी मे नामांकन हेतु पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से कई छात्रों ने आवेदन किया है। नेपाल के रूपंदेही जिले के शिवनंदन जायसवाल ने बताया कि नेपाल में भोजपुरी को राजभाषा का संवैधानिक दर्जा प्राप्त है तथा वर्ग एक से दस तक पढ़ाई की समुचित व्यवस्था है मगर उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने भारत का रुख किया। जायसवाल नेपाल से निकलने वाली चर्चित भोजपुरी पत्रिका भोजपुरी दर्शन के संपादक हैं तथा भोजपुरी काव्य संग्रह, नेपाल में भोजपुरी भाषा संस्कृति पुस्तकों के अलावा नेपाल में भोजपुरी के स्कूली पाठ्यपुस्तकों के रचयिता भी हैं। आगे उन्होंने बताया कि नेपाल के कई छात्र भोजपुरी में उच्च अध्ययन हेतु उत्सुक हैं। आखर पत्रिका से जुड़े भोजपुरिया ब्लॉगर शारजाह के निवासी नबीन कुमार ने कहा कि स्नातकोत्तर भोजपुरी विभाग ने भोजपुरी अध्ययन अध्यापन को एक नई गति प्रदान की है मगर विभाग में स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति और विश्वविद्यालय के कॉलेजों में स्नातक की समुचित व्यवस्था ना होना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। भोजपुरिया जन जागरण अभियान के प्रवक्ता पुष्कर कुमार और विश्वविद्यालय इकाई के संयोजक राजेश कुमार आदित्य ने इसे भोजपुरी का सम्मान बताते हुए 21 फरवरी को ही संवैधानिक मान्यता के लिए जंतर मंतर पर आयोजित धरने में भी छात्रों से जुड़ने की अपील की। भोजपुरी छात्र संघ संयोजक स्यंदन सुमन ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगातार उपेक्षा के बावजूद भी भोजपुरी विभाग अंतर्राष्ट्रीय फलक पर अपनी चमक बिखेर रहा है और अगर ध्यान दिया जाए तो आगामी नैक मूल्यांकन में भोजपुरी विभाग सेंटर फॉर एक्सीलेंस भी बन सकता है। ज्ञात हो कि इस बार भोजपुरी से पीजी के लिए रिकॉर्ड संख्या में आवेदन आये हैं। हाल ही में नीदरलैंड के गायक राज मोहन ने अपनी प्रस्तुति दी थी इसके अलावा विभाग में समय समय पर विविध कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। भोजपुरी छात्र संघ विभाग में स्थाई शिक्षकों कर्मचारियों की नियुक्ति तथा स्नातक स्तर पर पढ़ाई शुरू करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के पुण्यतिथि भाजपा कार्यालय मे मनाया गया



प्रात : किरण संवाददाता

आराः भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की पुण्यतिथि मनाया गया। जिला कार्यालय मे महात्मा गाँधी जी की पुण्यतिथि पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने गाँधी जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि की और महात्मा गाँधी अमर रहे का नारा लगाया। कार्यक्रम में उदय प्रताप सिंह,वंदना राजवंशी,रामदिनेश यादव,संतोष चंद्रवंशी, राजकुमार कुशवाहा, संजय कुमार सिंह,रमेश कुमार कर्ण,राहुल सिंह,निशांत सिंह सेंगर,मणिशंकर, हरेराम चंद्रवंशी सहित जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता थे।

## चौथी बार निर्विरोध जीत कर व्यापार मंडल के महानायक बनें सिद्धनाथ

● पीधर्म स्थलों पर जाकर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने माथा टेका

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) व्यापार मंडल अध्यक्ष पद चुनाव में चौथी बार निर्विरोध ऐतिहासिक जीत दर्ज कर बिक्रमगंज व्यापार मंडल के महानायक बनें। ज्ञात हो कि इस चुनाव का मतदान निर्धारित तिथि 30 जनवरी को होनी थी। लेकिन स्थानीय प्रखंड कार्यालय पर मंगलवार को व्यापार मंडल चुनाव निवार्ची पदाधिकारी सह बीड़ीओ अमित प्रताप सिंह ने सिद्धनाथ सिंह बिक्रमगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष पद सहित सात निदेशक सदस्य ललन प्रसाद चौरसिया, ओम प्रकाश सिंह, संजय कुमार सिंह, राहुल सिंह, राम बच्चन चौधरी, मीना देवी, अखिलेश कुमार सिंह की उपस्थिति में अध्यक्ष पद के विजयी सिद्धनाथ सिंह को निर्वाचन प्रमाण पत्र देते हुए निर्विरोध जीत की घोषणा की। इस मौके पर दोनों प्रखंड क्षेत्र के व्यापार मंडल सदस्यों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह को अपना भीष्म पितामह स्वरूप गुरु मानते हुए चौथी बार जीत दिलाते हुए उन्हें व्यापार मंडल का महानायक बनाया। वही सिद्धनाथ सिंह ने निंविरोध व्यापार मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर बिक्रमगंज और संझौली प्रखंड के सभी किसानों सहित पैक्स अध्यक्षों का अभिनंदन करते हुए बताया कि किसानों का दर्द मेरा दर्द है-किसानों की हक लड़ाई मेरा मुख्य कर्तव्य है। साथ ही साथ प्रखंड के विभिन्न पंचायत में किसानों से वह रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। दूसरी तरफ इस जीत पर भाजपा प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ महामंत्री डॉ० मनीष रंजन दोनों प्रखंड क्षेत्रों से किसानों सहित हजारों लोगों ने उन्हें अबीर-गुलाल लगा बधाई दी। जबकि इस जीत पर किंग मेकर मुन्ना राय के नेतृत्व में अनुमंडल क्षेत्र का ऐतिहासिक जश्न मनाते हुए सैकड़ों गाड़ियों के काफिले साथ डीजे के धुन पर हजारों समर्थक झूमते हुए शहर के चारों रोड़ स्थित धर्म स्थल तहत हनुमान मंदिर, शिव मंदिर,मां आस्कामिनी मंदिर, काली मंदिर,भलुनी भवानी मंदिर पर पूजा अर्चना करते हुए पड़ाव शहीद बाबा मजार चादरपोशी कर दुआ मांगी। वही जीत के बाद सिद्धनाथ सिंह को लोगों द्वारा बधाई देने का तांता लगा है। इस मौके पर पहाड़ सिंह, विनोद सिंह, नागेश्वर सिंह, संजय सिंह, नथुनी सिंह, भूलेटन सिंह, गुडु सिंह, कृपा सिंह, पिंटू सिंह, धनजी सिंह, सुनील सिंह, वरुण सिंह, जदयू नेता मोईनुदिन हुसैन, अयूब खान, मुन्ना सिंह,सरोज सिंह, बब सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद बिक्रमगंज विकास उर्फ सरसठ सिंह, चिंटू सिंह, रिंकू सिंह, हरेंद्र हरियाली, मनमोहन तिवारी, बलवंत सिंह,विवेक कुमार सहित हजारों लोग शामिल थें।

## कुष्ठ बस्ती में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा किया गया कंबल वितरण



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जमीर कुष्ठ बस्ती में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी आरा के द्वारा ठंड को ध्यान में रखते हुए कंबलों का वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर निर्मल कुमार सिंह ,श्री ए के पांडे, एवं श्री विजय मेहता के नेतृत्व में किया गया। आज के कार्यक्रम में रोटी बैंक के सचिव श्री दीपक कुमार अखौरी ने विशेष रूप से सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर डॉक्टर निर्मल सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस का काम पीड़ित मानवता की सेवा है और गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कुष्ठ बस्ती में आकर इन लोगों को बहुत छोटे से सहयोग को प्रदान करना भी हमारे लिए बहुत मायने रखता है। समय-समय पर रेडक्रॉस के द्वारा कुष्ठ बस्ती में और दलितों की बस्ती में विभिन्न प्रकार की राहत सामग्रियों का वितरण किया जाता रहा है जिससे कि वंचित वर्ग को सहयोग पहुंचा जा सके इसी कड़ी में आज का भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री एक पांडे ने कहा कि रेड क्रॉस के जितने भी संरक्षक उप संरक्षक और कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य हैं उन सभी ने इस वर्ष की भयानक ठंड को मध्य नजर रखते हुए अनुदानित कर कल 200 कंबल इकट्ठा किया जिसे जरूरतमंदों को बांटा गया और आज हमें कुष्ठ बस्ती में आकर और भी प्रसन्नता हो रही है कि वाकई इन लोगों को मदद की जरूरत हमेशा रहती है और हमारा योगदान भी इसमें सहायक सिद्ध हुआ है। कार्यक्रम में विजय कुमार मेहता प्रभात मिश्रा राजेश कुमार सिंह एवं रणजीत राम के साथ-साथ रोटी बैंक के सदस्यों की सहभागिता बहुत ही महत्वपूर्ण रही।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि समारोह मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन आरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी कि 76 वां पुण्य तिथि समारोह जिलाध्यक्ष अशोक राम जी कि अध्यक्षता में तैलचित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। जिलाध्यक्ष अशोक राम ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में गांधी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने भारत की आजादी, विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी को गोली मारकर हत्या कर दी थी। गांधी जी के इस बलिदान की याद में और उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 30 जनवरी का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी शहीदों को भी याद किया जाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। आज बापू की वजह से ही हम सब आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। गांधी जी के साधारण व्यक्तित्व और साधनापूर्ण जीवन ने सिर्फ भारत को ही नहीं, बल्कि विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का रास्ता दिखाया। 30 जनवरी, 1948 को, महात्मा गांधी दिल्ली के बिड़ला भवन में शाम की प्रार्थना सभा को संबोधित करने जा रहे थे। उसी समय शाम के तकरीबन 5:17 बजे, नाथूराम गोडसे ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। अहिंसा के पुजारी गांधी जी के निधन के बाद हर साल उनकी पुण्यतिथि (30 जनवरी) को हमलोग शहीद दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। शहीद दिवस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उसी कड़ी में आज सब उनको याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में रजी अहमद जीतेन्द्र शर्मा अशोक यादव बिरेन्द्र मिश्रा सिनेटर संतोष तिवारी तीर्थ नाथ दुबे मनोज अंजनी चितरंजन सिंह मुन्ना भास्कर मिश्रा रविन्द्र तिवारी संजय पासवान।

## 40 लीटर देसी महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर :कोईलवर प्रखंड के गीधा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत कायमनगर बाजार के समीप से बाइक पर लदे 40 लीटर देसी महुआ शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिन सोमवार को शाम के समय बाइक पर देसी महुआ शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आपको बताते चले कि तस्कर पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पाली गांव का रहने वाला सतेंद्र राय का पुत्र नितीश कुमार राय है। वही तस्कर को गुप्त सूचना के आधार पर गीधा ओपी प्रभारी प्रिया शीला ने धर दबोचा। पुछ ताश के बाद पता चला कि तस्कर शराब के कारोबार में काफी लंबे समय से जुड़ा हुआ है। वहीं शराब तस्कर को गिरफ्तारी के बाद गीधा ओपी थाना प्रभारी प्रिया शीला के नाम से क्षेत्र के शराब तस्करों में भय का माहौल कायम है।

## अनिश्चितकालीन धरना दे रहे किसानों के समर्थन में मजदूरों पीएनसी कम्पनी में काम किया बंद

● मुआवजा के लिए किसान पिछले 2 जनवरी से कैम्प स्थल मसोई में अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर : चांद कम मुआवजा को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे किसानों का सब्र का बांध टुटता नजर आ रहा है। किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना में पीएनजी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को एक सप्ताह में बोरिया बिस्तर समेटकर जाने का अल्टिमेटम दे दिया। किसानों के समर्थन में पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे मजदूरों ने उचित मजदूरी एवं किसानों के समर्थन में काम करना बंद कर दिया। मजदूरों ने कंपनी के तानाशाही रवैए एवं किसानों के अनिश्चितकालीन धरना के समर्थन में नारे भी लगाए। धरना पर बैठे किसानों ने कहा पिछले 29 दिन लगातार धरना दे रहे किसानों से वार्ता करने के लिए नहीं अधिकारियों ने नहीं जन प्रतिनिधियों ने किसी तरह का पहल किया। किसानों ने कहा धर्य जबाब दे रहा है किसानों ने कहा कभी भी किसान उग्र हो सकते हैं। किसानों ने कहा सड़क निर्माण या पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कैम्प निर्माण कार्य बिना उचित मुआवजा को नहीं होने दिया जाएगा। किसानों ने धरना में लाउडस्पीकर लगाकर घोषणा किया पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी अपना काम 6 फरवरी तक बंद कर दें नहीं तो किसान खुद निर्माण कार्य बंद कर देंगे। किसानों ने कहा सारी जवाबदेही कंपनी के अधिकारियों की होगी। अनिश्चितकालीन धरना के 29 वां दिन सिरबिट पंचायत के मुखिया मुन्ना बिंद शामिल हुए। उन्होंने ने भूमि अधिग्रहण में किसानों के ऐतिहासिक आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने ने कहा मैं अपने समर्थकों के साथ अनिश्चितकालीन धरना में शामिल होता रहूंगा। मंगलवार को 29 वां दिन किसानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। धरना में मसोई सहबाजपुर रामपुर प्रखंड के दर्जनों किसानों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित किसानों ने किसान एकता जिंदाबाद उचित मुआवजा नहीं तो सड़क नहीं के नारे लगाते हुए उत्साह के साथ धरना पर बैठे रहे। धरना पर बैठे किसान नेता राजू सिंह ने कहा किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलने तक आंदोलन चलता रहेगा। उन्होंने ने कहा केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार एक ही दल है उन्होंने किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। मुआवजा के लिए किसान पिछले 2 जनवरी से कैम्प स्थल मसोई में अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण के लिए किसानों की किमती जमीन अधिग्रहीत की गई है। किसानों को अधिग्रहीत भूमि का बहुत ही कम मुआवजा दिया जा रहा है। उचित मुआवजा को लेकर किसान पिछले 2 साल से आंदोलन कर रहे हैं। अनिश्चितकालीन धरना में अवधेश कुमार सिंह श्याम सुन्दर सिंह राजेंद्र सिंह अरविंद सिंह सचिदानंद सिंह।

## चोरी की घटना से आक्रोशित व्यावसायिक संघ ने की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर में लगातार हो रही चोरी की घटना से व्यावसायिक संघ में रोष व्याप्त है। जिसको लेकर मंगलवार की सुबह नगर परिषद स्थित काली मंदिर धर्मशाला में एक बैठक की। बैठक में चर्चा करते हुए संघ ने बताया कि शहर लगातार हो रही चोरी से विभिन्न व्यवसायी दुकानदार परेशान है। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी न करते हुए मूकदर्शक बनी हुई है। जो कहीं न कहीं स्थानीय नोखा पुलिस के कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगता नजर आ रहा है। इसको लेकर आक्रोशित दुकानदार संघ ने मंगलवार को स्थानीय थाना पहुंच शिकायत भरा आवेदन सौपा। इस संबंध में थानाध्यक्ष सूर्यभूषण प्रसाद ने व्यवसायिक संघ का आवेदन लेते हुए बताया कि नगर परिषद स्थित दुकानों में लगातार हो रही चोरी के खिलाफ स्थानीय प्रशासन लगातार अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रही है। जिससे चोरों के जल्द गिरफ्तारी हो सकेगी। मौके पर विजय सेठ, बिहारी प्रसाद गुप्ता, पैक्स अध्यक्ष सुर्यदेव प्रसाद, अनिल हिंदू, भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल, मंटू केसरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एनडीए की सरकार बनने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने जताई खुशी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : भारतीय जनता पार्टी भोजपुर में प्रदेश के सियासी हलचल के बाद एनडीए गठबंधन की सरकार बनने पर भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा ने खुशी व्यक्त की है। आपको बताते चले कि भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतुराज ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार बनने से बहुत ज्यादा तेजी से विकास होगा उन्होंने बताया कि नई सरकार के गठन होने पर कार्यकर्ताओ मे खुशी का माहौल है। बिहार के मुखिया नीतीश कुमार एवं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा के अलावा अन्य सभी मंत्रियों को बधाई दी। साथ ही खुशी व्यक्त करने वालों में भाजपा ओबीसी मोर्चा के महामंत्री आनंद गोपाल पंडित,हरेंद्र चंद्रवंशी कोईलवर उत्तरी मंडल में भाजपा कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त किया। जिसपर सुरेन्द्र मंडल ने कहा कि बिहार में एक बार पुनः सुशासन कायम होगा। और बिहार के आम जनता को जंगलराज के भय से मुक्ति मिलेगी। वही इस मौके पर जिला सह मिडिया प्रभारी सतीश गुप्ता, जिला मंत्री राजकुमार शाह, जमुना प्रजापति,शेखर गुप्ता,श्यामप्रकाश बिन्द, रोहित कुमार, बच्चन प्रसाद,विभा रानी, भोला चौधरी,वीणा गुप्ता,हरेराम चन्द्रवंशी,कृष्ण मोहन श्रीवास्तव,बिजेंद्र ठाकुर,पिंटु सहनी,पिंटु कुशवाह,मनोज ठाकुर आदि।

## सड़क दुर्घटना में पूर्व वार्ड सदस्य की मौत



प्रात : किरण संवाददाता

संझौली (रोहतास) सोमवार की रात नोखा थाना क्षेत्र के तराड़ गांव के समीप, आरा - सासाराम मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत संझौली मठ गांव निवासी लगभग 45 वर्षीय बाबुली पासी बताया जा रहा है। जो बेनसागर पंचायत के वार्ड नंबर एक के वार्ड सदस्य रह चुके थे। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व वार्ड सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता के साथ-साथ बहुत ही हसमुख मिजाज के व्यक्ति था, सदस्य अपने जेष्ठ बेटे की शादी का दिन अप्रैल में निश्चित कर रखा था। वार्ड सदस्य अपने पीछे पत्नी, चार बेटे व बेटी को छोड़ गए हैं। वार्ड सदस्य की मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल पसरा हुआ है। परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है, पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए दर्जनों की संख्या में पूरे दिन लोग आते जाते रहे। वार्ड सदस्य की मौत की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया अनिल कुमार सिंह, स्थानीय विधायक अरुण सिंह, उत्तरी ग्राम पंचायत बाराव के पूर्व मुखिया सुदामा राम, कथराई

## गजियापुर टूनार्मेंट किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



बड़हरा : गजियापुर टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया मुख्य अतिथि अनुज सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और कहा कि हमें जितना सहयोग चाहिए हम खिलाड़ियों के लिए सहयोग करेंगे और आगे भविष्य करते हैं खिलाड़ी अच्छा से अच्छा खेले और देश का नाम में रोशन करें मुख्य अतिथि अनुज सिंह छोटू सिंह चिंटू सिंह अरुण सिंह जितेंद्र सिंह धर्मेंद्र सिंह भाजपा कार्यकर्ता गजियापुर टूनार्मेंट आयोजन कार्यकर्ता सीटू सिंह रवि पांडे शशि कुमार अनुज सिंह बीकू सिंह विकास गोलू छोटू गाजीपुर टूनार्मेंट में आठ टीम भाग ली शिवपुर लक्ष्मीपुर गाजीपुर कॉल छपरा पकड़ी ज्ञानपुर दुगाटोला भागली जिसमें सेमीफाइनल में चार टीम शिवपुरी ज्ञानपुर दुर्गा टोला पकड़ी फाइनल मैच में ज्ञानपुर दुर्गा टोल फाइनल मैच में ज्ञानपुर ने पहले बल्लेबाजी किया 10 ओवर में ज्ञानपुर में 112 रन बनाएं जवाब में दुर्गा तोला ने 88 रन बनाएं ज्ञानपुर फाइनल मैच 23 रनों से जीत लिया ज्ञानपुर का प्लेइंग इलेवन रोहित राहुल छोटन लिली माही गोलू लकी अमन सुम प्रमोद रोशन प्रिंस चंदन अरविंद सुमित राहुल गोलू धर्मवीर विशाल आलोक अमन सुशांत मैन ऑफ द सीरीज अरविंद सिंह और फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच राहुल कुमार को दिया गया।

## प्रसिद्ध चिकित्सक पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर केदारनाथ गुप्ता के निधन पर शोक की लहर

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। आरा के प्रसिद्ध चिकित्सक तथा पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर केदारनाथ गुप्ता के आकस्मिक निधन से स्वजन तथा अन्य लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान शहर कई जाने-माने चिकित्सा तथा समाजसेवी लोग उनके घर पर श्रद्धांजलि तथा संत्वना देने पहुंचने लगे। बताया जाता है कि डा0 केदार गुप्ता की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रहा था। सोमवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। इसके बाद स्वजनो में शोक व्याप्त हो गया। बता दें कि चिकित्सा डॉ केदारनाथ गुप्ता के 45 वर्ष के चिकित्सा सेवा के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में काफी सराहनीय योगदान रहा था। भोजपुर जिले में यक्ष्मा के रोग में अव्वल दर्जे के चिकित्सक माने जाते थे। चिकित्सक अपने पीछे पूरा भरा हुआ परिवार छोड़े है। चिकित्सक पत्नी कृष्णा गुप्ता सहित तीन पुत्र रोहित, अमित तथा मोहित तीन पुत्रवधू,पोती-पोते छोड़ गये है। श्रद्धांजलि में डॉक्टर कुमार जितेंद्र, कमलेश तिवारी,सरोज सिंह व ददन सिंह समेत कई जाने-माने समाजसेवी तथा चिकित्सक पहुंचे थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भाकपा सदस्यों ने मनाया पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के मलियाबाग में भाकपा सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर बापु के जीवनी पर चर्चा किया। जिसमें पूर्व प्रमुख रघुनाथ सिंह ने कहा कि गांधी के बिचार आज भी प्रासंगिक है। जो मोहन दास करमचंद गांधी ऐसे ही नहीं राष्ट्रपिता बने,इसके लिए उन्होने एक धोती के साथ पुरा जीवन गुजार दिया। उन्होने दुनिया को सत्याग्रह का संदेश दिया,बिना नूकसान पहुंचाये अपनी बातों और विचारों से कैसे किसी को प्रभावित किया जा सकता है।असहयोग,करो या मरो,विदेशी कपड़ों की होली,दाण्डि यात्रा,भारत छोड़ो आदि कई आंदोलन के बदौलत देश के लोगों को एकत्र कर अंग्रेजों से देश को स्वतंत्र कराया।इस समय देश की सबसे बड़ी पार्टी गोड्से और सावरकर की बिचारधारा लागु करने व संविधान को समाप्त करने की निति पर काम कर रही है। देश में महगांई व बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। पीएम मोदी विदेशों में गांधी व बुद्ध की बात करते हैं,जबकि उन्ही के पार्टी के लोग गांधी के हत्यारे का महिमामंडन करते हैं। कार्यक्रम में मों कलामुद्दीन,हरेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।



# एसीसी चेयरमैन पद छोड़ सकते हैं जय शाह

## आईसीसी अध्यक्ष बनने के लिए चुनाव लड़ेंगे; इंडोनेशिया में एसीसी की बैठक शुरु

**मुंबई (एजेंसी)।** जय शाह एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में सचिव के पद पर भी काम कर रहे शाह आईसीसी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। इसीलिए वह एसीसी का पद छोड़ सकते हैं। मंगलवार से इंडोनेशिया के बाली में एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग शुरू हो गई थी। मीटिंग 2 दिन की है और 31 जनवरी तक चलेगी। मीटिंग में एसीसी के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स को लेकर भी फैसला लिया जाना है।

**नवंबर में होंगे आईसीसी चेयरमैन पद के चुनाव-** एसीसी अध्यक्ष पद का चुनाव हर 2 साल में एक बार होता है, जय शाह फिलहाल अपने पद का एक साल पूरा कर चुके हैं। माना जा रहा है कि अगले चुनाव से पहले ही वह अपना पद छोड़ देंगे, क्योंकि उन्हें आईसीसी चेयरमैन पद का चुनाव लड़ना है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का चुनाव इसी साल नवंबर में होना है, उससे पहले एसीसी मीटिंग में ही तय हो सकता है कि शाह आईसीसी चेयरमैन पद का चुनाव लड़ेंगे या नहीं।

**एसीसी मीडिया राइट्स फिलहाल स्टार के पास-** एनुअल मीटिंग में एशिया के सभी क्रिकेट बोर्ड के सदस्य हिस्सा लेंगे। इसमें एसीसी मीडिया राइट्स पर भी फैसला लिया जाएगा। जिसके तहत एशिया कप जैसा बड़ा टूर्नामेंट ब्रॉडकास्ट होता है। इसी में अंडर-23, अंडर-19 और विमेंस एशिया कप के मैच भी दिखाए जाते हैं।

फिलहाल डिजनी प्लस हॉटस्टार के पास डिजिटल और स्टार के पास ही टीवी राइट्स हैं। स्टार ने 8 साल पहले राइट्स खरीदे थे। एसीसी ने मीडिया राइट्स नीलामी के लिए सभी टॉप ब्रॉडकास्टर्स को डिनर पर इन्वाइट भी किया है।

**एशिया कप के वेन्यू पर भी फैसला होगा-** मीटिंग में एशिया कप के अगले वेन्यू पर भी फैसला लिया जाना है। अब एशिया कप 2025 में होगा, जो टी-20 फॉर्मेट में कराया जाना है। टूर्नामेंट होस्टिंग के लिए यूएई और ओमान रेस में हैं। 2023 का एशिया कप पाकिस्तान की मेजबानी में श्रीलंका और पाकिस्तान में हुआ था, जिसे भारत ने जीता था।

# भारतीय टेनिस टीम को पाकिस्तान में 'हेड ऑफ स्टेट' सिक्योरिटी

## बॉम्ब स्क्वाड रोज कॉम्पलेक्स का करेगा निरीक्षण, 60 साल बाद इंडियन टीम का दौरा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार ने भारतीय टेनिस टीम के लिए हेड ऑफ स्टेट लेवल की सिक्योरिटी दी है। भारतीय टीम ने 60 साल बाद पहली बार पाकिस्तान में खेल रही है। सिक्योरिटी की जिम्मेदारी पाकिस्तान टेनिस फेडरेशन ने ली है।



सिक्योरिटी टीम में एक बॉम्ब स्क्वाड हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करेगा। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के हिस्से के रूप में ट्रेवल के दौरान दो एस्कॉर्ट व्हीकल भारतीय टीम की निगरानी करेंगे। यह सुविधाएं आमतौर पर पाकिस्तान में किसी राज्य के प्रमुख को दी जाती है। भारतीय दल के पांच खिलाड़ी, 2 फिजियो और 2 टेनिस एसोसिएशन के अधिकारी रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचे थे।

# टेस्ट में खल रही कप्तान रोहित को विराट की कमी



## 12 साल बाद घर में लगातार 3 टेस्ट बिना जीते गुजरे, 10 महीने में दूसरी हार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा के कार्यकाल में एक ऐसा वाकया हो गया है जो पिछले 12 साल से नहीं हुआ था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला हार गई है। यह घरेलू जमीन पर लगातार तीसरा ऐसा टेस्ट मैच है जिसमें भारतीय टीम को जीत नसीब नहीं हुई है। ऐसा आखिरी बार 2012 में हुआ था। क्या घरेलू परिस्थितियों में भारत के प्रभुत्व का लंबा दौर समाप्त हो रहा है? घरेलू टेस्ट मैचों में रोहित की कप्तानी विराट कोहली की तुलना में कमजोर साबित हो रही है?

**44 टेस्ट मैच बाद आया ऐसा दौर-** घरेलू जमीन पर करीब 12 साल और 44 टेस्ट मैच बाद ऐसा दौर आया है जब भारतीय टीम लगातार तीन टेस्ट मैचों में से एक भी नहीं जीत सकी। पिछला मौका 2012 में आया था। तब भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ ही दो टेस्ट मैचों में हार मिली थी और एक मुकाबला ड्रॉ रहा था। इस बार के तीन ऐसे टेस्ट मैचों में से दो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहे थे। इंदौर टेस्ट में भारत हारा था, जबकि अहमदाबाद टेस्ट ड्रॉ रहा था। अब हैदराबाद में इंग्लैंड ने हमें हरा दिया है।

### विराट कोहली की कप्तानी में घर में कभी नहीं हुआ ऐसा

विराट कोहली ने 2015 में टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली। 5 नवंबर 2015 को उन्होंने भारतीय जमीन पर पहली बार टेस्ट में टीम की कप्तानी की। उनके कार्यकाल में भारत ने 31 टेस्ट मैच अपनी जमीन पर खेले। इन 31 मैचों में कभी ऐसा नहीं हुआ, जब भारत को लगातार तीन मुकाबलों में जीत न मिली हो।

विराट की अगुआई में भारत का भारत में जीत हासिल न कर पाने का सबसे लंबा दौर 2 टेस्ट मैचों का रहा। मार्च 2017 में एक टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ और इसके ठीक बाद एक टेस्ट श्रीलंका के खिलाफ ड्रॉ रहा था। गौर करने लायक बात यह है कि उन मुकाबलों में भी भारत हारा नहीं था।

### फील्ड प्लेसमेंट और बॉलिंग में आक्रामकता की कमी

विराट ने 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहली बार टेस्ट कप्तानी की। उन्होंने 2 ही मैचों में कमान संभाली, एक में टीम को 48 रन से हार मिली और दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा। विराट ने इनमें 3 सेंचुरी लगाई और अपनी फील्ड प्लेसमेंट और एग्रेसिव कप्तानी से टीम को दोनों ही बार जीत के करीब पहुंचाया। वह आगे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीत कर ही माने। रोहित की कप्तानी में शुरुआत से ही अटैकिंग फील्ड और इंटेंट की कमी नजर आई। जब टीम इंडिया हावी रहती तो रोहित का फील्ड प्लेसमेंट सही चल रहा होता है लेकिन दबाव आते ही वह बिखरे-बिखरे नजर आते। इंग्लैंड के खिलाफ भी पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने आखिर तक डिफेंसिव फील्ड लगाई। जहां इंग्लिश प्लेयर्स ने बहुत आसानी से सिंगल चुराए, स्वीप से रन बनाए और लगातार स्ट्राइक रोटेट की। वैसे तो धोनी टीम इंडिया के बेस्ट कप्तान कहे जाते हैं लेकिन टेस्ट में वह भी कोहली के आसपास नहीं। विराट ने बतौर कप्तान भारत में 11 सीरीज खेलीं और सभी जिताईं। टीम ने साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश को 2-2 सीरीज हराईं। जबकि ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ एक-एक बार सीरीज जीतीं। धोनी की कप्तानी में भारत को घरेलू मैदान पर इंग्लैंड ने 2-1 से हराया, जबकि साउथ अफ्रीका ने 2 सीरीज ड्रॉ करा लीं।

### ट्रांजिशन फेज से गुजर रही भारतीय टीम

टीम इंडिया में फिलहाल युवा खिलाड़ियों के जगह बनाने का दौर चल रहा है। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज और श्रेयस अय्यर जैसे युवाओं ने चेतेश्वर पुजारा, ईशांत शर्मा और अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी प्लेयर्स को रिप्लेस कर दिया है। कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि टीम मैनेजमेंट अब युवाओं पर भरोसा दिखाकर भविष्य के बारे में सोच रहा है। इसी को ट्रांजिशन फेज कहते हैं। यानी खिलाड़ियों के एक सेट का विदा होना और नए सेट का फील्ड पर उतरना। ट्रांजिशन फेज में होने के कारण टीम में एकजुटता की कमी नजर आई और युवा खिलाड़ियों की अनुभवहीनता से भारत को 10 महीने में 2 हार का सामना करना पड़ गया। टीम इंडिया का आखिरी ट्रांजिशन फेज 2011 वर्ल्ड कप के बाद आया था। तब कोहली, रहाणे और पुजारा ने राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सचिन तेंदुलकर को रिप्लेस किया था। रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने भी तब ही हरभजन सिंह और प्रज्ञान ओझा की जगह ली थी। 2012 के ट्रांजिशन फेज का असर ये हुआ कि टीम इंडिया ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में 4-0 से 2 टेस्ट सीरीज गंवाईं। यहां तक कि भारत में भी टीम को इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से सीरीज हार का सामना करना पड़ गया। कोहली की कप्तानी में भी केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे प्लेयर्स टीम में आए, लेकिन इस दौरान विराट, पुजारा, रहाणे, अश्विन और जडेजा ने अपने अनुभव से टीम को बिखरने नहीं दिया।

# क्रिस गेल ने सरफराज खान को दी बधाई, भारत टीम में शामिल होने पर शेयर की स्टोरी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरफराज खान को पहली बार भारतीय टीम में शामिल होने पर बधाई दी। गेल ने अपने अनोखे अंदाज में एक कहानी के साथ युवा बल्लेबाज को उनके टेस्ट करियर के लिए शुभकामनाएं दीं।



सरफराज खान को सोमवार को विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए बहुप्रतीक्षित भारतीय टीम में शामिल किया गया। सरफराज को कई बार नजरअंदाज किया गया था, लेकिन मुंबई के बल्लेबाज ने यह सुनिश्चित किया कि वह घरेलू क्रिकेट में अपने लगातार प्रदर्शन और भारत ए का प्रतिनिधित्व करने के अवसरों के साथ चयनकर्ताओं के दरवाजे को खटखटाते रहें।

# मुशीर खान ने अंडर 19 विश्व कप का दूसरा शतक जड़ा



**ब्लोमफोन्टेन (एजेंसी)।** आईसीसी अंडर 19 विश्व कप 2024 के तहत ब्लोमफोन्टेन के मैदान पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए मुकाबले में मुशीर खान ने शानदार शतक जड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। टीम इंडिया ने जब पहला विकेट पांचवें ओवर में ही गंवा दिया था तो मुंशीर ने आदर्श सिंह के साथ मिलकर टीम को 100 पार पहुंचाया। इसके बाद मुंशीर ने एक छोर संभाला और कप्तान उदय सहारन के साथ मिलकर टीम को 200 के पास पहुंचा दिया। इस बीच मुशीर अंडर 19 विश्व कप का अपना दूसरा शतक जड़ने में सफल रहे। उन्होंने 109 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्के के साथ शतक लगाया। मुशीर ने इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ 118 रन बनाए थे।

**दोनों भाई हैं चर्चा में-** क्रिकेट जगत में फिलहाल खान भाई चर्चा में हैं। अंडर 19 विश्व कप में जहां मुशीर खान न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाते ही टूर्नामेंट के लीडिंग स्कोरर बन गए हैं तो वहीं, भारत ए के लिए खेलते हुए शतक लगाकर सरफराज खान भी टीम इंडिया से कॉल प्राप्त कर चुके हैं। सरफराज ने एक इंटरव्यू के दौरान पहले ही मुशीर की तारीफ की थी और यहां तक बोल दिया था कि वह मुशीर उनसे बेहतर है। सरफराज ने कहा था कि वह मुझसे बेहतर बल्लेबाज हैं। मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि वह मेरा भाई है। कभी-कभी जब मैं संघर्ष करता हूं तो उसकी तकनीक को देखता हूं। उसे देखकर मुझे आत्मविश्वास मिलता है। उसका व्यवहार, बल्लेबाजी का प्रवाह बहुत अच्छा है। कई बार जब मैं लय में नहीं होता तो मैं उसे देखता हूं और सीखता हूं।

# श्रीलंका टेस्ट के लिए अफगानिस्तान में 4 अनकैप्ड को मौका

## राशिद खान इंजरी के कारण बाहर, 16 प्लेयर्स स्क्वॉड में कईस अहमद शामिल



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए अफगानिस्तान ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में 4 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका मिला। वहीं राशिद खान पीठ की सर्जरी के कारण टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह लेग स्पिनर कईस अहमद को 16 प्लेयर्स के स्क्वॉड में शामिल किया गया। श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 2 फरवरी से शुरू हो रहा है। मुकाबला कोलंबो में खेला जाएगा।

2 महीने से बाहर हैं राशिद खान

राशिद खान ने नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप के दौरान आखिरी मुकाबला खेला था। टूर्नामेंट खत्म होने के बाद उन्होंने अपनी पीठ की सर्जरी करवाई। सर्जरी के कारण ही वह भारत में 3 टी-20 की सीरीज भी नहीं खेल सके। अब उनका श्रीलंका में खेलना कन्फर्म नहीं है और उन्होंने पाकिस्तान में पीएसएल से भी अपना नाम वापस ले लिया है। पीएसएल 17 फरवरी से शुरू हो रहा है।


राशिद की जगह टीम में लेग स्पिनर कईस अहमद को मौका मिला है। कईस ने 2019 में टेस्ट डेब्यू किया था, तब से वह एक भी फर्स्ट क्लास मैच नहीं खेल सके। हालांकि वह लगातार टी-20 खेल रहे हैं और उन्होंने भारत के खिलाफ टी-20 भी खेला था। राशिद खान ने 5 टेस्ट में 34 विकेट लिए हैं।

### 4 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका

अफगानिस्तान ने टेस्ट स्क्वॉड में 4 अनकैप्ड प्लेयर्स को भी शामिल किया है। टीम में बैटर नूर अली जादरान, लेफ्ट आर्म स्पिनर जिया-उर-रहमान, विकेटकीपर बैटर मोहम्मद इशाक और राइट आर्म पेसर नवीद जादरान को जगह दी गई है। 35 साल के नूर अली जादरान स्पिनर मुजीब उर-रहमान के अंकल हैं। उन्होंने 2009 में अफगानिस्तान के लिए वनडे डेब्यू किया था। तब से उन्होंने 51 वनडे और 23 टी-20 खेल लिए लेकिन वह टेस्ट में डेब्यू नहीं कर सके। जिया उर ने 28 फर्स्ट क्लास मैचों में 19.1 की औसत से 159 विकेट लिए हैं। स्पिन बॉलिंग के साथ वह लोअर ऑर्डर में बैटिंग भी कर लेते हैं। 18 साल के नवीद को पहली बार टेस्ट स्क्वॉड में जगह मिली। उन्होंने 7 फर्स्ट क्लास मैचों में 35 विकेट लिए हैं, जिनमें 3 बार पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट भी शामिल हैं।

# पत्नी धनश्री वर्मा को लेकर खेतों में गए युजी चहल, हुए रोमांटिक, खिंचवाई तस्वीरें

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे युजी चहल ने पत्नी धनश्री वर्मा के साथ खेतों में कुछ फोटोज शेयर की हैं जिसे उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। धनश्री इस दौरान लाल सूट पहने चहकती हुई



नजर आ रही हैं तो वहीं, युजी ने ब्लैक जैकेट के साथ कई पोज दिए। युजी ने पोस्ट के साथ लिखा- नेचर थैरेपी = गांव में सैर। बता दें कि युजी अब आगामी आईपीएल 2024 के दौरान ही खेलते नजर आएंगे। वह कई सालों से भारतीय टेस्ट टीम में मौके की तलाश कर रहे थे।

# अर्शदीप, सूरज और स्टीवन ने ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया

## नेशनल रेसवॉकिंग चैंपियनशिप में टॉप-3 पोजिशन पर रहे, विमेंस में मंजू रानी चैंपियन

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** अर्शदीप सिंह, सूरज पवार, स्टीवन और अर्शप्रीत सिंह ने ओलिंपिक के रेसवॉकिंग इवेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। चंडीगढ़ में आयोजित रेस वॉकिंग चैंपियनशिप के इंडिविजुअल इवेंट में अर्शदीप पहले, सूरज दूसरे, स्टीवन तीसरे और अर्शप्रीत सिंह चौथे नंबर पर रहे। चारों ने क्वालिफाइंग टाइम 1 घंटे 20 मिनट 11 सेकेंड से कम समय लेकर रेस पूरी की। विमेंस में मंजू रानी चैंपियन रहीं, लेकिन क्वालिफाइंग टाइम पूरा नहीं कर पाने के कारण वह ओलिंपिक में जगह नहीं बना सकीं। मिक्स्ड वॉक रेस ओलिंपिक में पहली बार होने जा रही है। गेम्स इसी साल जुलाई में फ्रांस के पेरिस में होंगे।



### 10 किमी में आरती और हिमांशु चैंपियन

अंडर-20 की मेंस और विमेंस कैटेगरी में 10 किमी की रेसवॉक हुई। विमेंस में आरती भड़ाना पहले नंबर पर रहीं। वहीं वैष्णवी नेगी दूसरे और चकप्रमनोकिया चानू तीसरे नंबर पर रहीं। मेंस रेसवॉक में हिमांश कुमार ने रेस जीती। वहीं आदित्य नेगी दूसरे और रोशन कुमार तीसरे नंबर पर रहे।

### विकास और परमजीत भी कर चुके क्वालिफाई

मेंस इवेंट में भारत से अब 6 वॉकर ने ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अर्शदीप, सूरज, स्टीवन और अर्शप्रीत से पहले विकास सिंह और परमजीत बिष्ट ओलिंपिक खेलने के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दोनों ने पिछले साल जापान में एशियन चैंपियनशिप के दौरान क्वालिफाई किया था। तब विकास ने 1 घंटा 20 मिनट और 8 सेकेंड, जबकि परमजीत ने एक घंटा 20 मिनट और 11 सेकेंड का समय लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### कब मिलेगी नौकरी? सड़कों पर उतरे पूर्व सिविल डिफेंस वॉलंटियर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नौकरी की मांग को लेकर पूर्व सिविल डिफेंस वॉलंटियर (बस मार्शल) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। घंटों चले विरोध के बीच पार्टी की तरफ से भरोसा दिया गया कि जल्द ही उनकी विभागीय मंत्री के साथ बैठक कराई जाएगी। दिल्ली सरकार आपके साथ है और जल्द ही नौकरी देने के पक्ष में है। इसलिए थोड़ा समय दिया जाना चाहिए, जिसके बाद आंदोलन कर रहे मार्शल वापस लौटे। मार्शल ने कहा कि उपराज्यपाल कार्यालय और दिल्ली सरकार उन्हें गुमराह कर रहे हैं। तीन महीने से हम सेवा समाप्त होने के बाद धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। मार्शल मुकेश का कहना है कि सबसे पहले हम लोग राजघाट पावर हाउस पर जुटे थे, जहां से उपराज्यपाल आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन करने के लिए जाना था, लेकिन वीआईपी मूवमेंट के चलते पुलिस ने वहां जाने से रोक लिया। इसे लेकर वॉलंटियर और पुलिस की नोकझोंक हुई। खासकर, महिला मार्शल उपराज्यपाल आवास तक जाने के लिए अड़ गई। समझाने के बाद मार्शल आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए निकले तो उन्हें आईटीओ पर पुलिस ने रोक लिया। कुछ मार्शल को आईटीओ और उसके आसपास से हिरासत में ले लिया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। लोकनायक अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर में काम करने वाले कई तकनीशियन ने सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान 10 माह का वेतन देने की मांग की गई। प्रशासन ने 20 दिन का समय मांगा है। तकनीशियन हर्ष ने कहा कि बिना वेतन काम करने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। कई बार बात की गई, लेकिन कोई निर्णय नहीं निकला। सूत्रों के मुताबिक, ये तकनीशियन कोरोना के समय भर्ती हुए थे। इनसे जुड़ा मामला कोर्ट में होने से वेतन देने में देरी हो रही है।

### आरोपित की गैर-हाजिरी जमानत रद करने का आधार नहीं हो सकता, सुप्रीम कोर्ट ने कही बड़ी बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी आपराधिक मामले में अदालत के समक्ष आरोपित की गैर-हाजिरी को जमानत रद करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने छह सितंबर, 2023 के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने कृष्णा शर्मा की जमानत इस आधार पर रद कर दी थी कि वह अदालत के निर्देश के बावजूद उसके समक्ष पेश नहीं हुआ। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, केवल इस आधार पर जमानत याचिका खारिज करना गलत है कि अपीलकर्ता व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हुआ। जमानत देने और याचिका खारिज करने के पैमाने अलग-अलग हैं। 24 जनवरी को सुनाए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर यह पाया जाता है कि जिस व्यक्ति को जमानत का लाभ मिला है, उसने जमानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है या गवाहों को प्रभावित किया है या साक्ष्यों से छेड़छाड़ करके जमानत का दुरुपयोग किया है, तो पहले से दी गई जमानत रद की जा सकती है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया। पीठ ने कृष्णा शर्मा के वकील की इस दलील पर गौर किया कि वह अपीलकर्ता हाई कोर्ट के समक्ष इसलिए पेश नहीं हो सका क्योंकि वीआइवी मूवमेंट के कारण ट्रैफिक जाम था। कृष्ण शर्मा के वकील हाई कोर्ट में इसलिए पेश नहीं हुए थे, क्योंकि उनका वकालतनामा वापस ले लिया गया था। इस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि सुनवाई की तारीख पर न तो आरोपित और न उनके वकील अदालत में मौजूद रहे।

### कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के साथ ही न्याय करने में असमर्थ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दोबारा राजग में शामिल होने को बिहारवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति बताते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के साथ ही न्याय करने में असमर्थ है। इनकी मुहब्बत की दुकान में सिर्फ नफरत नजर आती है। आज एक-एक करके इनके साथी इनको छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता जैसे कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, मिलिंद देवड़ा आदि ने कांग्रेस से किनारा कर लिया। चाहे ममता बनर्जी हों या डीएमके, सभी लोग इनसे किनारा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी ने राहुल गांधी से मिलने से ही मना कर दिया। प्रश्न उठता है कि इनके बीच गठबंधन है भी या नहीं? वहीं, बिहार के घटनाक्रम पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि नीतीश कुमार शुरू से ही एनडीए के सहयोगी थे।

# यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बनेगी टाउनशिप




**नईदिल्ली, एजेंसी।**
यमुना प्राधिकरण आगरा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे 10,500 अर्बन सेंटर विकसित करेगा। पहले चरण में इंटीग्रेटेड टाउनशिप विकसित की जाएगी। इसमें चार स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) होंगे। इसमें इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब पर जोर रहेगा।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि टाउनशिप की रूपरेखा तय करने के लिए विशेषज्ञ कंपनी तय हो गई है। कंपनी अगले दो महीने में अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट देगी। यमुना प्राधिकरण की सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में टाउनशिप पर मुहर लग गई। पहले चरण में यमुना एक्सप्रेसवे के दोनों ओर डेढ़-डेढ़ किलोमीटर के दायरे में यह विकास होगा।

कच्ची कॉलोनियों में रहने वालों के लिए बुरी खबर; नगर निगम का इस काम से इनकार यहां पर नॉन पॉल्यूटेड फैक्ट्री लगेंगी। इंटीग्रेटेड टाउनशिप में चार एसईजेड बनेंगे। इसमें इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब, डेटा सेंटर आदि को जगह मिलेगी। इस टाउनशिप की रूपरेखा मार्स कंपनी बनाएगी। कंपनी का चयन हो गया। यहां उद्योगों के साथ आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत गतिविधियां भी होंगी। उद्योगों के साथ यहां पर्यटन और ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता दी जाएगी। यहां सबसे ज्यादा 25 प्रतिशत में औद्योगिक गतिविधियां होंगी और 20 प्रतिशत में आवासीय योजनाएं आएंगी। यीडा सिटी 37000 हेक्टेयर में विकसित होगी।

दूसरी ओर यमुना पुस्ते पर नोएडा-ग्रेनो के बीच बनने वाले नए एक्सप्रेसवे के लिए नोएडा प्राधिकरण ने फिजिबिलिटी रिपोर्ट एनएचएआई को भेज दी है। जल्द ही एनएचएआई की टीम मौके पर आकर निरीक्षण करेगी। नोएडा प्राधिकरण की तरफ से भेजी गई फिजिबिलटी रिपोर्ट में सामने आया है कि सेक्टर-94 से यमुना पुस्ता के साथ ग्रेटर नोएडा तक एक्सप्रेसवे बनाने के लिए जमीन उपलब्ध है। यहां पर एक्सप्रेसवे बनाया जा सकता है। एक्सप्रेसवे एलिवेटेड या जमीन पर बनाने के दोनों विकल्प मौजूद हैं।

वहीं, यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होने वाली राया हेरिटेज सिटी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर मुहर लग गई। राया हेरिटेज सिटी 753 एकड़ में विकसित की जाएगी। इसके विकास पर करीब 1220 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यमुना प्राधिकरण ने यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे राया के पास हेरिटेज सिटी विकसित करने की योजना बनाई। इसकी डीपीआर सीबीआरई ने बनाई है। राया के पास से वृंदावन में यमुना नदी तक करीब सात किलोमीटर का 100 मीटर चौड़ा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। इसके दोनों और हेरिटेज सिटी विकसित होगी। यह पीपीपी मॉडल पर विकसित की जाएगी। इसमें थीम बेस्ड हेरीटेज सेंटर, योग वैलनेस सेंटर, कन्वेंशन सेंटर, होटल, स्थानीय कला एवं कलाकालों के लिए हॉट आदि विकसित किए जाएंगे। ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने इसके लिए कुछ सुझाव दिए थे। उन सुझाव को शामिल कर डीपीआर में संशोधन किया गया। सोमवार को बोर्ड बैठक में डीपीआर रखी गई, जिसे पास कर दिया गया। अब बिड इवैल्यूएशन कमेटी इस पर निर्णय लेगी। इसके बाद विकासकर्ता कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि अब डीपीआर बिड इवैल्यूएशन कमेटी के पास जाएगी। इसके बाद विकासकर्ता का चयन किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण के बोर्ड ने मास्टर प्लान-2041 का अनुमोदन कर दिया। बोर्ड की स्वीकृति के बाद अब इसे उत्तर प्रदेश शासन को भेजा जाएगा। अब यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 1149 गांव अधिसूचित हो जाएंगे।

## गर्लफ्रेंड को लेकर झगड़ा, दिल्ली-जयपुर हाईवे पर खूनी खेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद में रविवार देर शाम गर्लफ्रेंड को लेकर दोस्तों के दो गुटों के बीच हुई खूनी झड़प में 21 साल के एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना दिल्ली-जयपुर हाईवे पर हरि नगर के पास सब-वे में हुई। घटनास्थल के पास लगे कैमरे में पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। पुलिस ने सोमवार मृतक के भाई की शिकायत पर सेक्टर-37 थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बिहार के बेगुसराय निवासी 21 वर्षीय आकाश के रूप में हुई है, जो नाहरपुर रूपा गांव में अपने चचेरे भाई के साथ रहता था। उन्होंने बताया कि वह इन दिनों प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग ले रहा था। मृतक के चचेरे भाई और बिहार के मूल निवासी सूरज द्वारा दर्ज की गई शिकायत में बताया कि आकाश उसके मामा का बेटा था। साल 2015 तक प्रथम, गौरव तिवारी, कृष्णकांत उर्फ कृष्णा, अंजलि और खुशबू के साथ मैरीगोल्ड पब्लिक स्कूल में पढ़ रहा था। हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद सभी स्कूल से अलग हो गए लेकिन सभी दोस्त संपर्क में थे। जबकि कृष्णा ने आठवीं कक्षा के बाद स्कूल छोड़ दिया था। प्रथम की दोस्ती अंजलि से है, जबकि गौरव तिवारी की खुशबू से। पुलिस ने बताया कि करीब 6 महीने पहले ब्रेकअप के बाद कृष्णा और खुशबू दोस्त बन गए। इस वजह से कृष्णा और गौरव में गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद शुरू हो गया। सूरज ने पुलिस को बताया कि रविवार को शाम के लगभग छह बजे थे। जब हम घर जा रहे थे, तो कृष्णा ने प्रथम के मोबाइल पर फोन किया और उसे सरस्वती एन्क्लेव में मिलने के लिए कहा। प्रथम ने इससे इनकार कर दिया। प्रथम ने आकाश को फोन कर बुलाया। सभी हरि नगर सब-वे पर पहुंचे और कुछ देर बाद कृष्णा अपने दोस्तों के साथ पहुंचा। उनके पहुंचते ही पहले बहस हो गई और उन पर हमला बोल दिया गया। कृष्णा के दो दोस्तों ने आकाश को पकड़ लिया चाकू से कई वार किए। फिर सब-वे के अंदर आकाश को घायल अवस्था में छोड़ भाग गए। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि शिकायत के बाद रविवार देर रात सेक्टर 37 पुलिस स्टेशन में कृष्णा और उसके साथियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147 (दंगा), 148 (गैरकानूनी सभा), 302 (हत्या) और हथियार अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

# आंख फोड़ी और गला काटा, फिर... दिल्ली में अवैध संबंधों के शक में युवक ने प्रेमिका को दी खौफनाक मौत





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रानी बाग इलाके में एक युवक ने अवैध संबंध के शक में पहले अपनी प्रेमिका की आंख फोड़ दी और फिर गला काटने के बाद चाकू से गोद-गोदकर हत्या कर दी। युवती के शव पर एक दर्जन से ज्यादा चाकू से वार के निशान मिले हैं। पुलिस ने 25 वर्षीय रश्मि के शव को कब्जे में लेकर आरोपी 21 वर्षीय पांडव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसे शक था कि उसकी प्रेमिका के किसी और के साथ अवैध संबंध थे। पुलिस ने आरोपी के पास से खून से सना चाकू, कपड़े और युवती का मंगलसूत्र बरामद किया है। डीसीपी जिम्मी चिरम ने बताया कि 25 जनवरी को शकूर बस्ती रेलवे ट्रैक के पास बने यार्ड में युवती का शव मिला था। युवती की गर्दन कटी हुई थी, पेट चीरा हुआ था और आंख फोड़ने के साथ उसके शरीर पर एक दर्जन से ज्यादा बार वार किए गए थे। पुलिस को युवती के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले, जिससे उस वक्त पहचान नहीं हो सकी। रानी बाग थाना एसएचओ मुकेश कुमार की टीम ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। वारदात स्थल के अलावा 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। रात और घने कोहरे की वजह से पुलिस को फुटेज में कुछ साफ नहीं दिख रहा था। बाद में टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद युवती की पहचान हुई।



## चीन अब बांग्लादेश को अपने जाल में फंसाने की फिराक में! पीएम हसीना को यात्रा पर किया आमंत्रित

**बीजिंग , एजेंसी।** पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे देशों को अपने ऋण जाल में फंसाने वाले चीन की गिद्ध दृष्टि लगता है अब बांग्लादेश पर टिकी है। चीन ने बांग्लादेश के साथ सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के बहाने से प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश की आधिकारिक यात्रा पर आमंत्रित किया है। लोकिन बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने देश में चीन के राजदूत याओ वेन से रविवार को मुलाकात करने के बाद कहा, ''हम (ढाका) यात्रा के लिए उचित समय पर निर्णय लेंगे। हसीना के नेतृत्व वाली आवामी लीग के लगातार चौथी बार आम चुनाव में जीत हासिल करने के बाद वेन ने महमूद से मुलाकात की। मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने सात जनवरी को हुए चुनाव का बहिष्कार किया था। महमूद ने कहा कि प्रधानमंत्री की बीजिंग यात्रा के लिए परस्पर रूप से सुविधाजनक तारीख चुनने के लिए बातचीत की गयी। प्रधानमंत्री हसीना ने 1-6 जुलाई, 2019 को चीन की आधिकारिक यात्रा की थी। उन्होंने डालियान में 13वें समर दावोस फोरम में भी भाग लिया था। उन्होंने उस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी।

## फ्लोरिडा के स्पेस कोस्ट में गोलीबारी में चार लोगों की मौत, 2 पुलिसकर्मी घायल

**पाम बे, (फ्लोरिडा), एजेंसी।** फ्लोरिडा के स्पेस कोस्ट के एक शहर में चार लोग मारे गए , जिनमें सेवानिवृत्त कैथोलिक पादरी और उसकी बहन भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि रविवार को दोपहर में 24 वर्षीय ब्रैंडन कापस का अपने घर में जन्मदिन की पार्टी के दौरान पाम बे पुलिस अधिकारियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्से में आकर उसने गोलीबारी शुरू कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि जब अतिरिक्त अधिकारी जवाब दे रहे थे, तभी कापस ने कथित तौर पर अपने दादा विलियम कापास की गोली मारकर हत्या कर दी। वह गोलीबारी के दौरान हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में ब्रैंडन कापस मारा गया।

# न्यूयॉर्क में मंदिर के बाहर महात्मा गांधी की नई प्रतिमा का अनावरण

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के महापौर एरिक एडम्स और न्यूयॉर्क राज्य विधानसभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने यहां क्वींस में एक मंदिर के बाहर महात्मा गांधी की एक नई प्रतिमा का अनावरण किया। एक साल से भी अधिक समय पहले दो बार तोड़ी गई प्रतिमा की जगह यह प्रतिमा लगाई गई है। एडम्स ने 'एक्स पर लिखा, पिछले साल, साउथ रिचमंड हिल में लगी गांधी की प्रतिमा को नष्ट कर दिया गया था। लेकिन हमारी एकजुटता और पुनर्निर्माण की भावना नष्ट नहीं हुई थी।

आज, हम समुदाय के साथ खड़े होकर एक स्वर में कहते हैं कि हमारे शहर में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। पिछले सप्ताह साउथ रिचमंड हिल में श्री तुलसी मंदिर के बाहर नयी प्रतिमा के अनावरण के बाद उन्होंने कहा, हम न्याय के उन मूल्यों का प्रतीक हैं जिसके लिए गांधी ने अपना जीवन खपा दिया। राजकुमार के कार्यालय ने कहा कि राजकुमार, एडम्स और समुदाय के नेताओं ने महात्मा गांधी की नयी प्रतिमा का अनावरण किया। अगस्त 2022 में, अज्ञात व्यक्तियों ने हिंदू मंदिर में महात्मा गांधी की हस्तनिर्मित प्रतिमा को हथौड़े से नष्ट कर दिया था। जांच अधिकारियों ने कहा था कि अगस्त 2022 की घटना से दो हफ्ते पहले भी उसी गांधी प्रतिमा को तोड़ा गया था।



## भारत से सीमा मुद्दे को राजनीतिक आम सहमति से सुलझाना होगा, नेपाली विदेश मंत्री बोले- हम इस दिशा में कर रहे काम



**काठमांडू एजेंसी।**
नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने कहा कि सीमा समस्या को सुलझाने के लिए दोनों देशों को स्वीकार्य समाधान तलाशा जाना चाहिए। सीमा मुद्दे को राजनीतिक आम सहमति के आधार पर सुलझाया जाना चाहिए।

नेपाल-भारत मानव विकास और मित्र संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमारी इस संबंध में एक संयुक्त तकनीकी समिति भी है। इस प्रणाली को सक्रिय किया जाना चाहिए। इसके बाद दोनों देशों के नेताओं को तथ्यों के आधार पर कूटनीतिक तरीके से इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूद आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए हमें और अधिक पनबिजली का उत्पादन करना होगा और भारत तथा बांग्लादेश दोनों के साथ विद्युत व्यापार बढ़ाना होगा। नेपाल और भारत ने हाल में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत भारत ने नेपाल से अगले दस साल में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदने पर सहमति जताई। सऊद ने रविवार को गणतंत्र दिवस से संबंधित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा था कि नेपाल तथा भारत के मध्य सीमा मुद्दे को दोनों देशों के बीच बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाय संवाद के जरिये सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि चूंकि नेपाल और भारत के बीच 1,800 किलोमीटर से अधिक लंबी खुली सीमा है, इसलिए दोनों पड़ोसियों के बीच सीमा से संबंधित कुछ विवाद और बहस अपरिहार्य है। लेकिन दोनों देशों की संयुक्त तकनीकी समिति ने ज्यादातर विवादों को सुलझा लिया है। सुस्ता और कालापानी-लिपुलेख केवल दो सीमा बिंदु ऐसे हैं, जिन्हें हल करने की आवश्यकता है।

## उत्तर कोरिया ने एक हफ्ते में तीसरी बार दागी कई अज्ञात क्रूज मिसाइलें

**सियोल एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को अपने पश्चिमी तट के पास समुद्र में कई अज्ञात करूज मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने इस बात की पुष्टि की है।

बता दें कि एक सप्ताह से भी कम समय में प्योंगयांग ने तीसरी बार करूज मिसाइलों का परीक्षण किया है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइलें सुबह करीब 7 बजे लॉन्च की गईं। इस टेस्टिंग के बाद दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यह लॉन्च कोरियाई प्रायद्वीप पर बढ़ते तनाव और रविवार को प्योंगयांग द्वारा इसके पूर्वी तट पर दागी गई करूज मिसाइलों की एक और बमबारी के बाद हुआ है।

## सही दिशा में चल रही वार्ता, गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई पर बोले कतर के प्रधानमंत्री

**वाशिंगटन एजेंसी।**
इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों के बीच जारी संघर्ष में अब तक 26 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने सोमवार को शेष बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्धविराम के लिए सकारात्मक समाधान खोजने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि इस मामले पर बातचीत सही दिशा में जा रही है।

वाशिंगटन डीसी में अटलांटिक काउंसिल में उन्होंने कहा कि हमास द्वारा बनाए गए बंधकों की रिहाई और गाजा में स्थायी युद्धविराम स्थापित करने के लिए जो बातचीत की जा रही है उसमें प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि रविवार को हुई बातचीत में चीजों को वापस पटरी पर लाने और कम से कम आगे बढ़ने की नींव रखने की दिशा में अच्छी प्रगति हुई है।

मालूम हो कि इजराइल और हमास के बीच संभावित युद्धविराम के लिए रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें गाजा में 136 बंधकों की रिहाई और युद्ध की अस्थायी समाप्ति पर ध्यान केंद्रित किया गया। बंद कमरे में हुई बातचीत में सीआईए प्रमुख विलियम बर्न्स , मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया , शिन बेट प्रमुख रोनेन बार और मिस्र की खुफिया सेवाओं के प्रमुख अब्बास कामेल जैसे प्रमुख लोग भी शामिल थे।

वहीं, इजरायल ने इस बातचीत को रचनात्मक बताया है। हालांकि कहा कि युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए अपनाए जाने वाले समझौते को लेकर अभी भी कमियां हैं और इस बातचीत को इसी सप्ताह फिर से आगे बढ़ाया जाएगा। इजरायल को इस बातचीत में कतर से और अधिक की उम्मीद है। नेतन्याहू ने कहा है कि पूरी दुनिया देख रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, हमास ने बंधकों की रिहाई की शर्त के रूप में युद्ध को समाप्त करने और सभी आइडीएफ बलों की वापसी की मांग की है और इजरायल ने इन मांगों को सिरे से खारिज कर दिया है। हमास के वरिष्ठ अधिकारी सामी अबू जुहरी ने कहा कि पेरिस बैठक की सफलता गाजा पट्टी पर आक्रामकता समाप्त करने पर इजरायल की सहमति पर निर्भर है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि इस शर्त के पूरा होने पर हमास उन 132 बंधकों में से सभी या कुछ को मुक्त कर देगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129